# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026


मप्र में खिलाड़ियों के लिए पेंशन स्कीम

## 2006 से पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी होंगे शामिल



**भोपाल।** प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अब हर महीने पेंशन के रूप में तगड़ी राशि मिलने वाली है। मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया ने पेंशन योजना को मंजूर कर लिया है। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को हर महीने 12500 रुपए दिए जाएंगे। जबकि घरेलू क्रिकेटरों को 6 हजार से 10 हजार रुपए तक पेंशन दी जाएगी।

बांकुरा जिले में की जनसभा

पश्चिम बंगाल में जमकर गरजे सीएम डॉ. मोहन यादव, बोले

# ममता अब दीदी नहीं 'अप्पी' हो गई वहां हिंदू लगातार हो रहे अपमानित



प्रत्याशियों के साथ सीएम

डॉ. यादव ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकारों को बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं। इसलिए, यह चुनाव नहीं धर्म युद्ध है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में जनसभा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता को भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बांकुरा में हमारे सभी प्रत्याशियों का नामांकन भरने का मौका है। यह धरती सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, सुप्रसिद्ध मूर्तिकार राम किंकर की धरती है। ममता दीदी के राज में सब परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी अब दीदी नहीं है, ये अप्पी (मुस्लिम समाज में बड़ी बहन) हो गई हैं। ये बात पूरे देश में सुनाई दे रही है। डॉ. यादव ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकारों को बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं।

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में मांगा वोट



जनसभा को संबोधत करते सीएम

**पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशियों की कोई जगह नहीं**

**पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को आगे बढ़ते देख रही दुनिया**

### पश्चिम बंगाल अब भाजपा जीतने वाली है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके चेहरे का नूर बता रहा है कि रिजल्ट आने वाला है, भाजपा जीतने वाली है। हम सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के मंत्र पर चल रहे हैं। आज हमारे देश में अनूसूचित जनजाति की बहन राष्ट्रपति पद पर आसीन है। इससे भाजपा की नीति और काम करने का तरीका पता चलता है।

### मजबूत स्थिति में है हमारा देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दुनियाभर में हाहाकार मचा हुआ है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश फल-फूल रहा है। वो जमाना गया जब आतंकवादी महानगरों में विस्फोट करके चले जाते थे।

### हिसाब चुकता करने का समय आ गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये माहौल बता रहा है कि भाजपा ही भाजपा जीतेगी। ममता दीदी की सरकार में शिक्षक घोटाला हुआ, 26 हजार नियुक्तियां रद्द की गईं। उनके शासनकाल में प्रधानमंत्री आवास घोटाला, मनरेगा घोटाला हुआ। ममता ने केवल हिंदुओं का अपमान किया है। उन्होंने 24788 से ज्यादा मुकदमे दायर कर बहनों को लज्जित किया है।


inh

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला

सीएसके पीबीकेएस

शाम 7.30 बजे से



भोजशाला केस : मुस्लिम पक्ष ने पेश किए मस्जिद होने के दस्तावेज

# हाईकोर्ट में 6 अप्रैल से लगातार होगी सुनवाई

**वीसी से वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद भी जुड़े**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/ धार**

इंदौर हाईकोर्ट डिवीजन बेंच में गुरुवार धार स्थित भोजशाला मामले में सुनवाई हुई। इस मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल को होगी। 6 अप्रैल दिन सोमवार को दोपहर ढाई बजे से इंदौर हाईकोर्ट में रोज सुनवाई होगी। मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में मस्जिद होने के दस्तावेज पेश किए, जिस पर अगली सुनवाई



भोजशाला

10 अप्रैल को होगी। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि यह सिविल सूट का मामला है। हाईकोर्ट ने इस पर कहा कि सिविल सूट की सुनवाई 10 अप्रैल को धार स्थित जिला कोर्ट में होगी। कोर्ट ने सभी पार्टी को 10 तारीख को धार कोर्ट में मौजूद होने के आदेश दिए। बाकी पांच याचिका जो धार भोजशाला विवाद को लेकर लगी हुई हैं, उनपर इंदौर हाईकोर्ट में 6 अप्रैल से लगातार सुनवाई होगी। हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद भी जुड़े थे। वहीं, हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ता श्रीश दुबे ने पैरवी की। हिंदू पक्ष का तर्क है कि एएसआई के वैज्ञानिक सर्वेक्षण से यह साफ हो गया है कि वर्तमान ढांचा प्राचीन मंदिर के अवशेषों पर बना है।

## खबर संक्षेप

### मप्र हाईकोर्ट ने प्लाटून कमांडर भर्ती प्रक्रिया को बताया दूषित, निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने होमगार्ड में प्लाटून कमांडर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह दूषित मानते हुए निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि भर्ती के लिए नए सिरे से विज्ञापन जारी किया जाए।




मामले में जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने पाया कि चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। याचिकाकर्ता का आरोप था कि परीक्षा से पहले ही स्क्रीनिंग कमेटी ने नियमों के विरुद्ध उम्मीदवारों को बाहर कर दिया। हाईकोर्ट ने पूरी चयन प्रक्रिया को अवैध मानते हुए निरस्त कर दिया।

ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट सख्त

# अप्रैल के अंतिम सप्ताह में तीन दिन लगातार सुनवाई

किसी भी पक्ष को सुनवाई टालने की इजाजत नहीं



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर**

ओबीसी आरक्षण का मामला लंबे समय से अदालत में अटका हुआ था, जिससे लाखों लोगों की नजर इस फैसले पर टिकी हुई है। कोर्ट ने 27, 28 और 29 अप्रैल को लगातार तीन दिन तक सुनवाई करने का फैसला लिया है। इन तीनों दिनों में पूरा समय सिर्फ इसी मामले को दिया जाएगा, जिससे प्रक्रिया तेज होने की संभावना बढ़ गई है। वहीं, इस मामले में सुनवाई के दौरान एक दूसरा मुद्दा भी उठा, जिसने सभी को हैरान कर दिया। एक पक्ष की तरफ से सवाल उठाया गया कि इस मामले की सुनवाई कर रहे जज किस वर्ग से आते हैं, यानी वे ओबीसी हैं या सामान्य वर्ग से। इस दलील के पीछे यह तर्क दिया गया कि जज की सामाजिक पृष्ठभूमि फैसले को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, कोर्ट ने इस तरह की दलीलों को पूरी तरफ से खारिज कर दिया। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि न्यायपालिका में जज की जाति या वर्ग का कोई महत्व नहीं होता है। कोर्ट ने कहा कि हर जज कानून के आधार पर फैसला करता है, न कि अपनी निजी पृष्ठभूमि के आधार पर। दरअसल, मप्र में ओबीसी आरक्षण का विवाद 14% कोटे को बढ़ाकर 27% करने से शुरू हुआ. साल 2019 के इस फैसले से कुल आरक्षण 50% की सीमा पार कर 64% हो गया, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।


**एफडी में हेराफेरी: दिल्ली की एमपी एमएलए कोर्ट ने किया सजा का ऐलान**

सजा के तुरंत बाद कोर्ट से जमानत भी मिली

# दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को तीन साल की सजा, जा सकती है विधायकी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई। साथ ही कांग्रेस विधायक पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। हालांकि, फैसला सुनाने के बाद कोर्ट ने राजेंद्र भारती को 50 हजार रुपए के बॉन्ड पर जमानत दे दी। अदालत ने राजेंद्र भारती को हाई कोर्ट में अपील दाखिल करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। इस मामले मे सह-आरोपी रघुवीर शरण प्रजापति को भी राउज एवेन्यू कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई और ढाई लाख रुपए का जुर्माना लगाया। रघुबीर प्रजापति को भी कोर्ट से बेल मिल गई है।



राजेंद्र भारती

दोषी ठहराए जाने के बाद कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया था। कोर्ट ने कहा था कि कांग्रेस विधायक को आईपीसी की धारा 120बी के साथ आईपीसी की धारा 420/467/468/471 के तहत आपराधिक साजिश के जुर्म का दोषी ठहराया जाता है।

### सजा पर स्टे नहीं मिलता तो सीट खाली घोषित

कानूनी जानकारों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के नियम के अनुसार यदि किसी विधायक को 2 साल या उससे अधिक की सजा होती है, तो उसकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द मानी जाती है। राजेंद्र भारती को 3 साल की सजा मिली है, जिसका मतलब है कि उनकी विधानसभा सदस्यता पर अब गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यदि 30 दिनों के भीतर हाईकोर्ट से सजा पर स्टे नहीं मिलता, तो दतिया सीट खाली घोषित की जा सकती है।




R C PLASTO TANKS & PIPES PVT. LTD.
Address: Plot No- 33-A-1, M.I.D.C. Hingna, Nagpur - 440016 (M.S.)
डिलरशीप एवं प्रोजेक्ट मटेरीयल हेतू 77670 00160
info@plasto.in www.plasto.in 91751 63403
Ashoknagar, Guna, Rajgarh: 9175592072, 9130076942 Morena, Gwalior, Bhind, Sheopur, Shivpuri, Datiya : 9130077155, 9130076942 Seoni, Balaghat, Mandla, Dinodori: 9175935642, 9130076922 Rewa, Sidhi, Singrauli : 9175936086, 9130076922 Katni, Umaria, Shahdol, Anuppur, Satna : 9156474533, 9130076922 Indore, Dewas, Dhar, Alirajpur, Jhabua : 91300 76938, 91300 76942 Tikamgarh, Chhatarpur, Panna, Niwari (MP) : 91759 13852, 91300 76942 Jabalpur, Damoh : 89560 01282 , 91300 76922 Ratlam, Mandsour, Neemuch : 9300068890, 9130076942 Ujjain 9300068890, 9130076942 Agarmalwa, Shajapur : 91752 70447, 91300 76942, 9300068890 Burhanpur, Khargone, Khandwa, Barwani : 9130076942 Bhopal: 9130076939, 9130027278, 9130076942 Sehore, Vidisha: 9130027278, 9130076942 Hoshangabad, Harda, Raisen: 9130076939, 9130076942 Chhindwara, Betul (MP) : 93443 74142, 91300 76922, Sagar, Narsinghpur (MP) : 89560 02120, 91300 76922




केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया

# भवानीपुर में भाजपा की जीत से बंगाल में सत्ता परिवर्तन होना तय और टीएमसी के पतन का कारण भी बनेगा, मैं अब यहां 15 दिन यहीं रहूंगा



एजेंसी ▶▶ भवानीपुर

पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भाजपा की कमान संभाल ली है। गुरुवार को वे सुवेंदु अधिकारी के नामांकन में शामिल होने के लिए भवानीपुर पहुंचे और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर जमकर निशाना साधा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं बंगाल आया हूं और 15 दिन तक यहीं रहूंगा। मैं अधिकारी के नामांकन के लिए आया हूं। अधिकारी की जीत बंगाल में परिवर्तन की नींव रखने वाली है। शाह ने कहा कि पिछली बार ममता नंदीग्राम में हार गई थीं और इस बार भवानीपुर के साथ पूरे बंगाल में उन्हें हार का सामना करना पड़ेगा। पूरा बंगाल ममता की विदाई करने के लिए तैयार है। सुवेंदु नंदीग्राम से लड़ना चाहते थे, मैंने कहा था ममता के घर में जाकर उन्हें हराना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारी का नामांकन बंगाल में टीएमसी के पतन की शुरुआत साबित होगा। शाह ने दावा किया कि पूरे बंगाल का दौरा किया है और हर जगह से एक ही आवाज सुनाई देती है ममता को बाय-बाय कहने का समय आ गया है।

## पूरा बंगाल ममता बेनर्जी की विदाई करने को तैयार

टीएमसी को बाय-बाय कहना चाह रहे लोग

'टोलबाजी' और गुंडागर्दी ने राज्य को पूरी तरह त्रस्त किया


भवानीपुर में रैली को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

### जनता चाह रही परिवर्तन

शाह ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'टोलबाजी' और गुंडागर्दी ने राज्य को पूरी तरह त्रस्त कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बम धमाकों की घटनाएं बढ़ रही हैं और बेरोजगारी के कारण युवा परेशान हैं। पूरे बंगाल की जनता मांग कर रही है कि महान पश्चिम बंगाल के अंदर अब परिवर्तन होना चाहिए।

### शाह की मौजूदगी में सुवेंदु का नामांकन

शाह की मौजूदगी में भवानीपुर विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार अधिकारी ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया।

### घुसपैठियों को चुन-चुन कर देश से बाहर निकालेंगे

शाह ने कहा कि हर जगह पर एक ही आवाज है, इस सरकार को बदल दो। ममता बनर्जी को बाय-बाय, टाटा कर दो। आज बंगाल की पूरी जनता, जो तोलाबाजी से त्रस्त है, तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की गुंडई से त्रस्त है, महिलाओं की असुरक्षा के त्रस्त है, बिना रोकटोक घुसपैठ करके बंगाल की जनसांख्यिकी बदल रही है, इससे त्रस्त है। आए दिन बम धमाके, गोलीबारी से त्रस्त है, युवा बेरोजगारी से त्रस्त है और भ्रष्टाचार का इतना रिकॉर्ड ममता बनर्जी ने जो बनाया है, इससे भी त्रस्त है। पूरे बंगाल की जनता मांग कर रही है कि महान पश्चिम बंगाल के अंदर अब परिवर्तन होना चाहिए। यहां भाजपा की सरकार बननी चाहिए। पश्चिम बंगाल की सीमा को सील करके पश्चिम बंगाल और देश भर से घुसपैठियों को चुन-चुन कर देश से बाहर निकालना चाहिए।

### टीएमसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर किया हमला

भवानीपुर से अधिकारी के नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई हो गई। टीएमसी समर्थकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया, जिसमें एक कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। काफिला आगे बढ़ने के बाद



भाजपा समर्थकों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया।

भाजपा ने उठाए सवाल

### भारत के इतिहास में कभी ऐसी स्थिति देखीः भाटिया

इस घटना के बाद देश की सियासत गरमा गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने ममता सरकार पर हमला बोला है। भाटिया ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में कभी ऐसी स्थिति देखी गई हो, जहां सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद ये हालात हों।

### रक्षक ममता बेनर्जी बनना था, भक्षक बन गईंः गौरव



भाजपा के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि रक्षक ममता बनना था, भक्षक बन गई हैं।

### सैकड़ों भाजपाजनों की हत्या की गईः किशन



सांसद रवि किशन ने कहा भाजपा के साथ ऐसा होता रहा है। अब तक वहां सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है।


### मैं असम के मुसलमानों के खिलाफ नहीं



असम में बांग्लादेशी प्रवासियों के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पूरी दुनिया में अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। मैं असम में रहने वाले मुसलमानों के खिलाफ नहीं हूं। असम में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को मतदान का अधिकार देना सही नहीं है। हमने यह बात सिर्फ अपने राष्ट्रीय हित में कही है। जबकि कुछ पार्टियां वोट बैंक की राजनीति के लिए इस मुद्दे को सांप्रदायिक रंग दे रही हैं।

राहुल ने असम के लिए जारी किया कांग्रेस का घोषणापत्र

## शासन, पहचान और स्वास्थ्य के साथ 11 क्षेत्रों पर फोकस



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र में शासन, पहचान और स्वास्थ्य जैसे 11 क्षेत्रों पर फोकस किया गया है। यह घोषणा पत्र एक चुनावी रैली के दौरान जारी किया गया, जिसमें असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### घोषणापत्र में इन क्षेत्रों पर जोर

घोषणा पत्र में कुल 11 संकल्प शामिल हैं- शासन, पहचान, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम। कांग्रेस ने इससे पहले 29 मार्च को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दौरे के दौरान 'पांच गारंटी' भी जारी की थीं-

- बिना शर्त महिलाओं को 50 हजार रुपए तक का कर्ज।
- सभी वरिष्ठ नागरिकों को 1250 रुपए की पेंशन।
- 25 लाख रुपए का कैशलेस इलाज।

यूडीएफ ने जारी किया

### 'मिशन समुद्र' से ग्लोबल हब बनाने का लक्ष्य



कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) ने गुरुवार को केरल वचुनावों के घोषणापत्र जारी किया। कोच्चि में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने इस दस्तावेज को जारी किया। घोषणापत्र के केंद्र में मिशन समुद्र है, जो केरल को उसकी 600 किमी लंबी तटरेखा, 44 नदियों और बंदरगाहों से एक वैश्विक समुद्री केंद्र में बदलने की एक महत्वाकांक्षी योजना है।

आयोग ने की आपातकालीन बैठक

### 9 अप्रैल से 29 अप्रैल शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल पर पूरी रोक



राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने आपातकालीन बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की। 9 अप्रैल सुबह 7 बजे से लेकर 29 अप्रैल शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल का प्रकाशन बिल्कुल बंद रहेगा।


चेन्नई। टीवीके प्रमुख विजय ने नामांकन दाखिल किया और कहा कि इसके पहले मेरे साथ साजिश की गई थी।

## खबर संक्षेप

### द्वारका में सीएनजी पंप पर सिलेंडर फटा, 4 घायल

**पश्चिमी दिल्ली।** द्वारका जिले के नजफगढ़-मित्राऊं रोड स्थित सीएनजी पंप पर गैस भरते समय एक ट्रक का सीएनजी सिलिंडर अचानक फट गया। इस घटना में 4 लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के समय पंप अटेंडेंट ट्रक (एचआर 63सी 4424) में सीएनजी भर रहा था, तभी सिलिंडर में विस्फोट हो गया। घायलों में दीपक , विकास कुमार और नीरज की पहचान हो गई है। एक घायल की पहचान अभी नहीं हो पाई है।



### अब पंजाब हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा के मुख्यालय के बाहर हुए ब्लास्ट के एक दिन बाद गुरुवार को पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट को बम से उड़ने की धमकी मिली है। चंडीगढ़ पुलिस हेडक्वार्टर को भेजे एक ईमेल में यह धमकी दी गई है। ईमेल मिलने के बाद से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। सतर्कता बरती जा रही है। इसके पहले कुछ उत्पातियों ने भाजपा के कार्यालय पर बम विस्फोट कर दिया था।



### बीएचयू में जाति पूछकर ब्राह्मण छात्र को पीटा

**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में एक छात्र से जाति पूछकर मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र ने बताया है कि बुधवार की सुबह करीब 11:45 बजे वह क्लास करने पहुंचा था। छात्र नेता हिमांशु वहां आया और उससे उसका कोर्स और जाति पूछने लगा। प्रशांत मिश्र की तहरीर पर वाराणसी पुलिस ने समाजवादी छात्र अध्यक्ष हिमांशु यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे कॉलेज परिसर में हंगामा खड़ा हो गया है। पुलिस कार्रवाई की मांग है।



सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को लगाई कड़ी फटकार

# कार्रवाई सही नहीं, नेशनल चंबल अभ्यारण्य की जमीन की अधिसूचना रद्द करने पर लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार द्वारा नेशनल चंबल अभयारण्य की 732 हेक्टेयर जमीन की अधिसूचना रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी। इसके साथ ही राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब भी मांग है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार द्वारा नेशनल चंबल अभयारण्य की 732 हेक्टेयर जमीन की अधिसूचना रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी। अदालत ने स्पष्ट कहा कि संरक्षित प्रजातियों के लिए आरक्षित किसी भी भूमि का डी-नोटिफिकेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा और राज्य सरकार की कार्रवाई आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं पर खरी नहीं उतरती। सुनवाई के दौरान अदालत ने राजस्थान सरकार को अवैध रेत खनन को 'सुविधा देने' के लिए कड़ी फटकार लगाई। न्यायालय ने 'माइनिंग माफिया' को 'डकैत' बताते हुए कहा कि राजस्थान में इनके कारण कई एसडीएम, पुलिसकर्मी और वन विभाग के अधिकारियों की जान जा चुकी है। अदालत ने इसे कानून-व्यवस्था और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए गंभीर स्थिति बताया। पीठ ने कहा कि घड़ियाल सहित कई जलीय जीव विलुप्ति के कगार पर हैं और चंबल क्षेत्र की पारिस्थितिकी बेहद संवेदनशील है। अदालत ने टिप्पणी की कि इस तरह के क्षेत्र में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

## कहा- आरक्षित किसी भी भूमि का डी-नोटिफिकेशन स्वीकार नहीं

अवैध रेत खनन को 'सुविधा देने' पर सख्ती

न्यायालय ने 'माइनिंग माफिया' को 'डकैत' बताया



### 3 राज्यों में फैला संरक्षित क्षेत्र

नेशनल चंबल अभयारण्य, जिसे नेशनल चंबल घड़ियाल वन्यजीव अभयारण्य भी कहा जाता है, लगभग 5,400 वर्ग किलोमीटर में फैला एक त्रि-राज्यीय संरक्षित क्षेत्र है। यह राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर चंबल नदी के किनारे स्थित है और घड़ियाल, रेड-क्राउन रूफ टर्टल तथा गंगा डॉल्फिन जैसी संकटग्रस्त प्रजातियों का प्रमुख आवास है।

### राज्यों और केंद्र से 4 सप्ताह में जवाब तलब

कोर्ट ने एमिकस क्यूरी और सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट पर राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। साथ ही पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भी इस मामले में हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अगली सुनवाई 11 मई को मुकर्रर

कोर्ट ने राजस्थान सरकार के 23 दिसंबर 2025 के नोटिफिकेशन, जिसे 9 मार्च 2026 को लागू किया गया था, पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 11 मई को निर्धारित की गई है। साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में लंबित मामले को भी सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है।

## ईको-सेंसिटिव जोन और प्रक्रियाओं पर सवाल

अदालत की सहायता कर रहे एमिकस क्यूरी ने बताया कि राजस्थान ने अब तक ईको-सेंसिटिव जोन घोषित नहीं किया है और दिसंबर 2025 में 732 हेक्टेयर क्षेत्र को डी-नोटिफाई करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया था। अदालत ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि डी-नोटिफिकेशन के बाद यह जमीन राजस्व भूमि बन जाती है, जिससे संरक्षण प्रयास प्रभावित हो सकते हैं।

### वीडियो और रिपोर्ट्स को डरावना बताया

सुनवाई के दौरान प्रस्तुत वीडियो का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने उन्हें 'डरावना' बताया, जिसमें जलीय जीवों के बीच भारी मशीनों से रेत निकासी होती दिखी। अदालत ने कहा कि यह स्थिति दर्शाती है कि अवैध खनन किस स्तर तक फैल चुका है। यह गंभीर चिंता का विषय है।

आईपैक के 3 दफ्तरों पर ईडी का छापा

# कोयले की तस्करी में दिल्ली बेंगलुरु,हैदराबाद में छापेमारी



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

पश्चिम बंगाल में वोटिंग से पहले एक बार फिर से आईपैक के कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। बेंगलुरु, हैदराबाद और दिल्ली में यह छापेमारी की जा रही है। इससे पहले कोलकाता स्थित ऑफिस में ईडी की छापेमारी हुई थी।

छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी भी वहां पहुंच गई थीं। इस दौरान खूब सियासी बवाल हुआ था। ईडी की यह छापेमारी कोयले की तस्करी को लेकर चल रही है। दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में चल रही है। आईपैक पश्चिम बंगाल में टीएमसी के लिए चुनाव प्रबंधन का काम देख रही है। आईपैक से पहले प्रशांत किशोर भी जुड़े रहे हैं। हालांकि छापेमारी के दौरान क्या कुछ मिला है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### कई ठिकानों पर सर्च आपरेशन चलाया

दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु समेत बंगाल में ईडी ने पश्चिम बंगाल कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया है। एजेंसी ने आई-पैक से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक ऋषिराज सिंह के ठिकानों पर भी ईडी की टीम पहुंची। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई कोयला तस्करी घोटाले की आय को हवाला के जरिए चैनल करने और इससे जुड़े ट्रांजेक्शन की जांच के तहत की जा रही है। दिल्ली-हैदराबाद में भी आई-पैक के ऑफिस और संबंधित स्थानों पर सर्च चल रही है। पश्चिम बंगाल में कोयला घोटाला लंबे समय से चर्चा में है, जिसमें कथित तौर पर बड़े स्तर पर अवैध खनन और फंडिंग का मामला सामने आया था। ईडी की यह कार्रवाई चुनाव से पहले राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई है।

### ... तब ममता पहुंच गई थीं ईडी ऑफिस

जनवरी 2026 में आईपैक के कोलकाता स्थित ऑफिस पर ईडी की छापेमारी हुई थी। छापेमारी की खबर सुनते ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी वहां पहुंच गई थीं। साथ ही ईडी अधिकारियों से एक फाइल छीन ली थीं। इस दौरान खूब बखेड़ा खड़ा हुआ था। आईपैक पश्चिम बंगाल में ममता के लिए चुनावी प्रबंधन का काम देख रही है। इसके साथ ही अन्य राज्यों में भी यह सियासी पार्टियों के लिए काम करती है।

बजट सत्र 13 दिन के लिए स्थगित

# महिला आरक्षण को लेकर 16 अप्रैल से फिर 'बैठेगी' संसद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद से इस वक्त बड़ी खबर है। गुरुवार 2 अप्रैल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने वाला बजट सत्र खत्म नहीं हुआ है। सरकार ने इसे आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब राज्यसभा और लोकसभा में सभी सांसद एक छोटे से ब्रेक के बाद 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे फिर से बैठेंगे।गु रुवार को जब सदन की कार्यवाही चल रही थी, तब राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश ने सदन को 16 अप्रैल तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।



### 816 सीटें करने की अटकलें

सरकार का पूरा फोकस अब 'महिला आरक्षण कानून' को जल्द से जल्द जमीन पर उतारने पर है। इसके लिए लोकसभा की मौजूदा सीटों की संख्या को 543 से बढ़ाकर 816 करने की तैयारी है। इसी से जुड़े बिल और अन्य जरूरी संविधान संशोधनों को पास कराने के लिए संसद को दोबारा बुलाया जा रहा है। यह सत्र 16 अप्रैल से लेकर 18 अप्रैल तक चलेगा।

कर्मयोगी साधना सप्ताह में प्रधानमंत्री मोदी बोले

# 'नागरिक देवो भव' से बदलेगा गवर्नेंस का स्वरूप

## क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस पर किया गया आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस पर 'कर्मयोगी साधना सप्ताह' को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने पब्लिक सर्विस को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक-केंद्रित बनाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान शासन व्यवस्था का मूल सिद्धांत 'नागरिक देवो भव' है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सर्वोपरि रखते हुए सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ गवर्नेंस को नई पहचान दी जा रही है। उन्होंने कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह हर सरकारी कर्मचारी की क्षमता बढ़ाने का काम कर रहा है। 'आईगॉट' मिशन कर्मयोगी को भी उन्होंने इस दिशा में अहम कदम बताया।

'आईगॉट' मिशन कर्मयोगी होगा अहम

### आकांक्षी भारत और जिम्मेदारी पर दिया बल



प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत आकांक्षी है, जहां हर नागरिक के अपने सपने और लक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि इन सपनों को पूरा करने में सहयोग देना हम सभी की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने कहा कि हर निर्णय से पहले कर्तव्य पर विचार करने से उसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

### समन्वय और 'होल ऑफ गवर्नमेंट' अप्रोच पर जोर

इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की सफलता राज्यों की सामूहिक सफलता पर निर्भर करती है। विभागों के बीच संवादहीनता खत्म कर बेहतर समन्वय और साझा समझ के साथ काम करना होगा।


### टेक्नोलॉजी और एआई को बताया भविष्य की कुंजी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बेहतर प्रशासक वही होगा, जिसे तकनीक और डेटा की समझ हो। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव का जिक्र करते हुए निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि आम नागरिक के लिए स्थानीय सरकारी कार्यालय ही सरकार का चेहरा होता है। इसलिए अधिकारियों का व्यवहार और कार्यशैली ही लोकतंत्र में जनता के भरोसे को मजबूत बनाती है।

जबलपुर
शुक्रवार 3 अप्रैल 2026
वैसाख मास कृष्ण पक्ष -1
वर्ष : 20, अंक : 332
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 34
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



8 ट्रंप की रणनीति और वैश्विक

मैट्रो
14 मुकदमों में कमी लाने सरकार ...

[1] तीन साल में तैयार हुई विशाल प्रतिमा

# 171 क्विंटल 'अष्टधातु' की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

गुरुवार को प्रदेश में हनुमान जयंती पर विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। इस मौके प्रदेशभर में शोभायात्राएं, भंडारे और पूजा पाठ दिनभर चलते रहे। ग्वालियर रतलाम और छतरपुर में बड़े आयोजन किए गए।

**यह मूर्ति अयोध्या राम मंदिर से जुड़ी एक धार्मिक संकल्प के तहत बनाई गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

हनुमान जन्मोत्सव पर छतरपुर में देश की पहली 51 फीट ऊंची अष्टधातु से निर्मित हनुमानजी की भव्य प्रतिमा का अनावरण श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। बाबा बागेश्वर सहित इस अवसर पर साधु-संतों की उपस्थिति में धार्मिक आयोजन किया गया।



[2] 5100 लड्डुओं का भोग लगाया गया

# रोकड़िया हनुमान जी महाराज का चांदी से किया गया श्रंगार

**एक लाख रुपए की कीमत वाली चांदी की पोशाक पहनाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में रोकड़िया हनुमान महाराज के दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं। गुरुवार को हनुमान जयंती पर श्रद्धालुओं ने उन्हे एक लाख रुपए की कीमत वाली चांदी की पोशाक पहनाकर उनका जन्मोत्सव मनाया। हस्त नक्षत्र और ध्रुव योग के शुभ संयोग में मनाए गए इस उत्सव में प्रसादी वितरण और भंडारे का भी आयोजन किया गया।



[3] सोने का वर्क और 60 ग्राम केसर का उपयोग

# रतलाम में सोने से सजाए गए संकटमोचन हनुमान

**शाम को यहां से शाही सवारी निकाली गई, फूलों से सजा गर्भग्रह**

**रतलाम।** हनुमान जयंती श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ मनाई गई। शहर के प्रमुख बरबड़ हनुमान मंदिर, श्री मेहंदी कुई बालाजी मंदिर, धानमंडी स्थित श्री खेड़ापति हनुमान जी सोने के वर्क व 60 ग्राम केसर से श्रृंगार किया है। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत रोशनी व मंदिर के गर्भ गृह को फूलों से सजाया गया। साहू बावड़ी स्थित हनुमान मंदिर, ऑफिसर कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समेत शहर के अनेक हनुमान देवालयों में महाआरती कर धार्मिक आयोजन किए गए। जवाहर नगर वन विभाग परिसर स्थित श्री सूर्यमुखी हनुमान मंदिर पर सुबह 10.30 बजे महाआरती कर भंडारे का आयोजन किया।



## खबर संक्षेप

### आयकर की नई वेबसाइट आसान होगा टैक्स भरना

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने करोड़ों टैक्सपेयर्स को बड़ी सौगात दी है। दरअसल, आयकर विभाग ने एक नई वेबसाइट शुरू की है। खास बात है कि इस साइट पर एआई असिस्टेंट 'कर साथी' लॉन्च किया गया है।



इससे टैक्स भरना पहले के मुकाबले और आसान हो जाएगा। ऐसे में आम टैक्सपेयर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट की मदद के बिना भी टैक्स प्लानिंग और कर से जुड़े सवालों के जवाब आसानी से पा सकते हैं।

### हनी-बादशाह के विवादित गाने को हटाने का आदेश

**नई दिल्ली।** साल 2000 में रैपर, सिंगर हनी सिंह और बादशाह ने मिलकर एक गाना बनाया था, जो बाद में विवाद में घिर गया। दिल्ली हाईकोर्ट ने हर डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाने का आदेश दिया है। दोनों ने 'माफिया मुंडीर' नाम का एक ग्रुप बनाकर गाने लिखा करते थे। जिन्हें पसंद भी किया गया था। एक ऐसा गाना हनी और बादशाह ने बनाया, जिसके बोल बहुत ही अश्लील, अभद्र थे। इस गाने पर कई लोगों ने आपत्ति जताई थी।



### शादी के जोड़े में फंदे पर लटके मिले दंपती के शव

**सागर।** जिले के रहली थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपुर के मुठिया में एक दंपती ने फांसी लगाकर जान दे दी। पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग दहशत में हैं। राजेंद्र और काजल ने अपने ही सूने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या की। ग्रामीणों ने घटना की सूचना रहली थाना पुलिस को दी गई। इस सुसाइड केस में सबसे हैरान कर दिया। दोनों पति-पत्नी ने घटना के वक्त विवाह के शादी का जोड़ा पहने हुए थे।



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को दी बड़ी धमकी

# अगर ईरान नहीं माना तो उसे हम 'पाषाण युग' में धकेल देंगे

ईरान से कोई डील नहीं, उसे परमाणु शक्ति नहीं बनने देंगे

हम ईरान के तेल ठिकानों पर भी हमला कर सकते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय समयानुसार सुबह 6.30 बजे अपने देश को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि अमेरिका आने वाले दो से तीन हफ़्तों में ईरान के ख़िलाफ़ अपने सैन्य अभियान को और तेज़ करेगा, भले ही पर्दे के पीछे बातचीत जारी हो। उन्होंने आगे कहा कि ईरान का तेल इंफ्रास्ट्रक्चर एक संभावित निशाना बना हुआ है और कहा कि ज़रूरत पड़ने पर अमेरिका उनके तेल ठिकानों पर हमला कर सकता है। 20 मिनट के संबोधन में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को होर्मुज़ मार्ग से तेल की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान नहीं माना तो हम उस पर ऐसा हमला करेंगे कि उसे पाषाण युग में धकेल देंगे। इसके साथ ही, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि कूटनीतिक रास्ते खुले हुए हैं और बताया कि बातचीत जारी है।


डोनाल्ड ट्रंप

ईरानी जनरल ने अमेरिका को दिया करारा जवाब

# हमारा 250 साल पुराना देश व 6 हजार वर्ष पुरानी सभ्यता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की ईरान को पाषाण युग में धकेल देने की धमकी का जवाब देते हुए एक ईरानी सैन्य कमांडर ने कहा कि अमेरिका अपने ही सैनिकों को उनकी कब्रों की ओर ले जा रह है। उन्होंने कहा कि 250 साल का इतिहास रखने वाले किसी देश का 6,000 साल पुरानी सभ्यता को धमकी देना सिर्फ एक भ्रम है। ब्रिगेडियर जनरल सैयद माजिद मूसावी ईरान की आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स की कमान संभालते हैं। उन्होंने एक्स पर अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ की एक पोस्ट का जवाब में कहा कि यह आप ही हैं जो अपने सैनिकों को उनकी कब्रों की ओर ले जा रहे हैं, न कि ईरान, जिसे आप पाषाण युग में वापस खींचना चाहते हैं। हॉलीवुड के भ्रमों ने आपके दिमाग में इतना जहर भर दिया है कि अपने महज 250 साल के इतिहास के साथ, आप 6,000 साल से भी ज्यादा पुरानी सभ्यता को धमकी दे रहे हैं।


सैयद माजिद मूसावी

हॉलीवुड फिल्मों के भ्रमों ने ट्रंप के दिमाग में जहर भर दिया

मूसावी ने कहा-अमेरिका अपने सैनिकों को कब्रों की ओर ले जा रहा

## होर्मुज संकट पर यूके ने बुलाई 35 देशों की मीटिंग, इमरजेंसी बैठक में भारत होगा शामिल

▶▶ अब तक 1,200 से अधिक भारतीय नागरिक सुरक्षित निकाले गए

▶▶ आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते सुरक्षित वापसी सुनिश्चित

*पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच भारत सरकार ने ईरान से अपने नागरिकों की बड़े पैमाने पर सुरक्षित निकालना शुरू कर दी है। वही, ब्रिटेन ने भारत को होर्मुज पर 35 देशों की बातचीत में शामिल का निमंत्रण भेजा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि अब तक 1,200 से अधिक भारतीय नागरिकों को ईरान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। इनमें से 845 छात्र हैं। जायसवाल ने कहा कि कुल 1,200 भारतीयों में से 996 को आर्मेनिया और 204 को अजरबैजान भेजा गया है। इस बीच, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि ब्रिटेन ने भारत को होर्मुज पर 35 देशों की बातचीत में शामिल का निमंत्रण भेजा है। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी इस बैठक में वर्चुअली शामिल होंगे। अब तक 6 लाख से अधिक भारतीय यात्री इस क्षेत्र से स्वदेश लौट चुके हैं। सरकार ने सभी संबंधित मंत्रालयों के साथ समन्वय बनाकर स्थिति पर सतर्क नजर रखी हुई है।*


रणधीर जायसवाल

सुप्रीम कोर्ट नाराजः गृह सचिव और डीजीपी से जवाब मांगा

# 7 ऑब्जर्वर को 9 घंटे तक बंधक बनाया, कोर्ट बोला कानून-व्यवस्था 'ढह' गई

कोर्ट ने कहा- हमें पता है उपद्रवी कौन हैं, इनका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना

ममता बेनर्जी बोलीं प्रशासन मेरे हाथ में नहीं है


आगजनी करके रास्ता बंद किया गया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से जुड़े 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर को बंधक बनाए जाने की घटना पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- उन्हें नौ घंटे बंधक बनाकर रखा। खाना-पानी तक नहीं मिला। यह घटना सोची-समझी और भड़काऊ लगती है। हमें पता है उपद्रवी कौन हैं, इनका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना है।

### घटना की जांच सीबीआई या एनआईए करे

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने कहा कि यह घटना सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों को चुनौती देने की एक सोची-समझी और उकसावे वाली कोशिश है और इसकी जांच सीबीआई या एनआईए जैसी किसी केंद्रीय एजेंसी से कराई जानी चाहिए। यह घटना न सिर्फ न्यायिक अधिकारियों को डराने की कोशिश है, बल्कि इस कोर्ट के अधिकारों को भी चुनौती देती है।

सीएम ममता ने कहा

## आयोग गृहमंत्री अमित शाह की सुनता है

*मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गुरुवार को मुर्शिदाबाद जिले के सागर दिग्घी में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी। बेनर्जी ने कहा कि मुझे नहीं पता इसके लिए कौन जिम्मेदार है। किसी ने मुझे इस बात की जानकारी नहीं दी। प्रशासन मेरे हाथ में नहीं है। राज्य में कानून-व्यवस्था को चुनाव आयोग कंट्रोल कर रहा है और वो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बात सुनता है। उन्होंने कहा कि सब कुछ बदल दिया गया है। मेरी शक्तियां चुनाव आयोग को दे दी गई है। यह सुपर राष्ट्रपति शासन जैसा है। ममता बेनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग राज्य में कानून व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह से विफल रहा है और मेरी सारी शक्तियां छीन ली गई हैं। उन्होंने कहा कि मुझे (बंधक बनाए गए अफसरों के बारे में) आधी रात में एक पत्रकार से इस बात की जानकारी मिली। उन्होंने एसआईआर एक्सरसाइज को लेकर असंतोष जताते हुए यह भी कहा कि वे समझती हैं कि लोग क्यों नाराज हैं।*


ममता बेनर्जी

अधेड़ ने 13 वर्षीय बच्ची को छेड़ा

## बवाल...पुलिस पर 'पथराव' दागने पड़े आंसू गैस के गोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीमच


■ बच्ची को 50 रुपए देकर चुप कराने की कोशिश

मनासा थाना क्षेत्र में 13 साल की मासूम के साथ छेड़छाड़ की घटना के बाद भारी तनाव हो गया। आरोपी अब्दुल रहमान (55) की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों और हिंदू संगठनों ने उसके घर को ढहाने की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। गांव में भारी पुलिस बल तैनात है। मामला पड़दा गांव का है। बुधवार रात करीब 10:30 बजे जब एक बच्ची के माता-पिता धार्मिक कार्यक्रम से लौटे, तो बच्ची ने अपनी आपबीती सुनाई।

अशोक मित्तल ने ली जगह

## आप ने चड्ढा को राज्यसभा के डिप्टी लीडर पद से हटाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


■ पार्टी लाइन का पालन नहीं किया

आम आदमी पार्टी में राघव चड्ढा और पार्टी हाईकमान के बीच बढ़ती दरार अब सार्वजनिक रूप से सामने आ गई है। गुरुवार को पार्टी ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में अपना डिप्टी लीडर पद से हटा दिया और उनकी जगह पंजाब से सांसद अशोक मित्तल को यह जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही, पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर कहा कि चड्ढा को पार्टी कोटे से बोलने का समय न दिया जाए। चड्ढा को हाल के दिनों में पार्टी की लाइन का सख्ती से पालन न करने और कुछ मुद्दों पर चुप्पी साधने के लिए साइडलाइन किया गया।

पुलिस की टीम पर हमला

## जेसीबी और प्रशासनिक टीम पर जमकर पथराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन


■ तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया

देवास रोड पर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पथराव हो गया। जमीन पर काबिज मौजूद लोगों ने हंगामा करते हुए टीम के साथ बदसलूकी और धक्का-मुक्की की और जेसीबी पर पत्थर बरसा दिए। घटना का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें अतिक्रमणकारी वहां मौजूद जेसीबी और प्रशासनिक टीम पर पथराव करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए तीन लोगों पर कार्रवाई की है। घटना बुधवार शाम की है। देवास रोड स्थित ग्राम चंदेसरी में सरकारी जमीन सर्वे क्रमांक 568 की करीब 2 बीघा जमीन पर पीरा, मोहनलाल और भारती द्वारा कब्जा किया गया था।

व्यापारी के घर फायरिंग की बात कबूली

## कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे ने नागदा में किया सरेंडर

रॉकेट लॉन्चर हमले में भी आया था नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

नागदा में कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक गुर्गे ने गुरुवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी की पहचान राजपाल के रूप में हुई है और उसने अपने गांव रत्यखेड़ी में सरेंडर किया। पुलिस के सामने पेश होने से पहले उसने मीडिया से बात की और खरगोन के एक व्यापारी दिलीप सिंह राठौड़ के घर पर फायरिंग करवाने की बात कबूल ली। राजपाल का कहना है कि जिस व्यापारी दिलीप राठौड़ के घर गोली चलवाई गई थी, वह छोटी बच्चियों पर गलत नजर रखता है और किसानों के साथ अत्याचार करता है। इसी वजह से उसे सबक सिखाने के लिए यह वारदात कराई गई। नागदा के रत्यखेड़ी गांव में गुरुवार दोपहर राजपाल ने सरेंडर किया। सरेंडर से पहले घर के बाहर खड़े होकर उसने बताया कि पहले मेरे साथियों ने व्यापारी पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हुए। इसके बाद हैरी बॉक्सर नाम के साथी के जरिए इस वारदात को अंजाम दिया गया। राजपाल का नाम पंजाब के मोहाली स्थित पुलिस खुफिया विभाग मुख्यालय पर हुए रॉकेट लॉन्चर हमले में भी आ चुका है।


राजपाल (आरोपी)



## शुक्रवार से शनिवार के बीच डेढ़ दर्जन जिलों में आंधी- बारिश के साथ ओले गिरने का अनुमान

भोपाल में दो दिन में 5.6 मिमी बारिश, यह सामान्य से 4.9 मिमी कम

# अब दो दिन ओले-बारिश फिर दो दिन आंधी-बौछारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम की करवट से बारिश, आंधी और ओले का दौर जारी है। अब अगले दो दिन करीब डेढ़ दर्जन जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरेंगे। इससे खेत में खड़ी और कटी फसलों को नुकसान हो सकता है। इसके बाद दो दिन आंधी और हल्की बारिश का दौर रहेगा। बदले मौसम के बीच अधिकांश जिलों में चार दिन में अधिकतम तापमान में भी घट-बढ़ रहेगी, इससे दिन में गर्मी के साथ उमस भी बढ़ेगी। सोमवार से रात में पारा गिरने से राहत मिलने लगेगी।



### आज यहां ओले गिरेंगे

बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी में ओले गिरेंगे। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा में बारिश होगी।

### कल शिवपुरी व दतिया में ओले

शिवपुरी, दतिया, श्योपुरकलां, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और भिंड में ओले गिरेंगे। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, अनुपपुर, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा में आंधी के साथ बारिश होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन की अध्यक्षता में मप्र सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की हुई बैठक

# कंबाइन हार्वेस्टरों को मिलेगी टोल से छूट, इंदौर-उज्जैन तथा उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग निर्माण को मिला अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। किसान कल्याण वर्ष 2026 में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के विचार को सार्थक करते हुए किसान हित में अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं। अब कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग किए जाने वाले कंबाइन हार्वेस्टरों को मप्र सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) के टोल प्लाजा पर शुल्क संग्रहण (टोल टैक्स) से छूट रहेगी।

## पश्चिम भोपाल बायपास का परिवर्तित एलाइनमेंट अनुमोदित

**खास बातें**

- वार्षिक लेखों तथा अन्य प्रबंधकीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ तथा निर्णय लिए गए
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा- राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध


बैठक में अधिकारियों से जानकारी लेते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### परिवहन लागत में कमी आएगी: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फसल कटाई में प्रयुक्त होने वाला कंबाइन हार्वेस्टर आवश्यक कृषि उपकरण है। टोल मार्गों पर टोल छूट दिए जाने से हार्वेस्टर की परिवहन लागत में कमी आएगी। जिसका सकारात्मक प्रभाव कृषि उपज के मूल्य पर होगा, यह निर्णय कृषकों के लिए हितकर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मप्र सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन उपस्थित थे।

### नॉन एक्सेस कंट्रोल परियोजना के रूप में निर्माण को अनुमोदन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई संचालक मंडल की बैठक में इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड मार्ग और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग के नॉन एक्सेस कंट्रोल परियोजना के रूप में निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया गया। संचालक मंडल ने पश्चिम भोपाल बायपास के परिवर्तित एलाइनमेंट को अनुमोदन प्रदान कर निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। बैठक में वार्षिक लेखों तथा अन्य प्रबंधकीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ तथा निर्णय लिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव तथा प्रबंध संचालक मप्र सड़क विकास निगम भरत यादव उपस्थित थे।

कैशलेस हुए टोल नाका: 5-10% तक टोल वृद्धि से आमजन और ट्रांसपोर्टर पर बढ़ा आर्थिक बोझ

# डिजिटल सुविधा के साथ बढ़ा टैक्स, सालाना पास भी महंगा... यूपीआई से भुगतान हुआ अनिवार्य

हरिभूमि पड़ताल

हरिभूमि टीम ▶▶ जबलपुर/मंडीदीप

टोल नाकों पर बुधवार से कैशलेस व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब वाहन चालकों को नकद भुगतान की सुविधा नहीं मिलेगी और उन्हें यूपीआई सहित डिजिटल माध्यमों से ही टोल टैक्स चुकाना होगा, लेकिन इस नई व्यवस्था के साथ ही आमजन को महंगाई का झटका भी लगा है, क्योंकि टोल दरों और सालाना पास की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई है। नई दरों के अनुसार कार और हल्के वाहनों के टोल शुल्क में करीब 5 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है। वहीं, सालाना पास जो पहले 3000 में बनता था, अब वह भी महंगा हो गया है। भारी वाहनों के टोल में भी इजाफा हुआ है, जिससे परिवहन लागत बढ़ने की आशंका है।

### कई स्थानों पर नेटवर्क की समस्या के कारण भुगतान में देरी

हरिभूमि की टीम ने मौके पर पहुंचकर टोल नाके का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि टोल प्लाजा पर क्यूआर कोड के जरिए यूपीआई भुगतान कराया जा रहा है और बड़ी संख्या में वाहन चालक डिजिटल पेमेंट का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, कई स्थानों पर नेटवर्क की समस्या के कारण भुगतान में देरी और वाहनों की कतारें भी देखने को मिलीं। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने इस व्यवस्था पर मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि डिजिटल सुविधा से भुगतान आसान जरूर हुआ है, लेकिन बार-बार टोल दरों में बढ़ोतरी आम आदमी की जेब पर भारी पड़ रही है। प्रशासन ने कहा- ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी रशासन का दावा है कि कैशलेस सिस्टम से पारदर्शिता बढ़ेगी और ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी। बावजूद बढ़ी हुई दरों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है और अब डिजिटल सुविधा के साथ आर्थिक बोझ बढ़ा है।

## मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल हुए कैशलेस, तो राज्यमार्ग के टोल में अभी नगद से लेन-देन हो रहा


रायसेन स्थित टोल नाका।

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के एक बड़े फैसले का असर एक अप्रैल से देखने को मिल रहा है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग में लगे टोल प्लाजा पर अब नगर पेमेंट से भुगतान नहीं हो सकेगा। बड़े वाहन हो या चार धुरी कार, फास्टैग बहुत जरूरी है। यदि फास्टैग नहीं है तो नगद की जगह यूपीआई से पेमेंट वाहन क्रमांक डालने से हो जाएगा, जिसमें नेशनल हाइवे के टोल में अब नगद नहीं देना पड़ेगा, वही राज्य के हाईवे एमपीआरडीसी के टोल में नगदी से पेमेंट का आदान प्रदान किया जा रहा है, जिसमें राज्य सरकार के द्वारा कैश लेस को लेकर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। राज्य में एनएचआई के करीब 90 से अधिक संचालित टोल है। राज्य सरकार के मुख्य रूप से संचालित टोल 100 से अधिक है, लेकिन केंद्र के सभी टोल पर एक अप्रैल से कैशलेस की सुविधा उपलब्ध है, परंतु राज्य सरकार में अभी भी असमजस की स्थिति बरकरार है।

*कार और हल्के वाहनों के टोल शुल्क में करीब 5 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि*

*केंद्र के सभी टोल पर एक अप्रैल से कैशलेस की सुविधा उपलब्ध*

**फास्टैग के रेट के बराबर ही लगेगा यूपीआई का चार्ज**

जिस वाहन चालक के पास फास्टैग नहीं है तो वो यूपीआई कर के अतिरिक्त लगने वाले अभिभार से बच सकता है, जिसमें अपने वाहन का क्रमांक डालते ही उसमें चार्ज दिखेगा और उतना ऑनलाइन पेमेंट डाल कर वो टोल पास कर सकता है।


रायसेन स्थित टोल नाका कैशलेस होने से वाहनों की कतारें नहीं लगी।

### सालाना रिचार्ज से फास्टेग में 200 टोल मुफ्त

विगत साल नितिन गडकरी के एक आदेश के बाद से जनवरी 2026 से सभी राज्य के 200 टोल टैक्स फास्टेग के सालाना रिचार्ज से आना जाना किया जा सकता है। वही इसका फायदा सिर्फ उस व्यक्ति को ही मिलेगा, जो एक बार में सिर्फ सालाना रिचार्ज कर सकेगा।

### औबेदुल्लागंज टोल कैशलेस तो 11 मिल टोल अभी ग्रहण कर रहा नगद

एक ओर राजधानी से सटे औबेदुल्लागंज नेशनल हाइवे में एक अप्रैल से नगद का पेमेंट ग्रहण नहीं किया जा रहा है। सिर्फ फास्टैग रिचार्ज या फिर यूप आई के माध्यम से ही पेमेंट रिसीव किया जा रहा, वही 11 मील टोल प्लाजा पर नगदी भुगतान किया जा रहा है।

जग्गी हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

## पूर्व सीएम के बेटे अमित जोगी को हाईकोर्ट से झटका, तीन हफ्ते में सरेंडर के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से पूर्व सीएम अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को बड़ा झटका लगा है। जग्गी हत्याकांड मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए अमित जोगी को तीन सप्ताह के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया है। यह फैसला हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने सुनाया है। अदालत के आदेश के मुताबिक जोगी को तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करना होगा। प्रदेश में वर्ष 2003 में हुए बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन हफ्ते के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की स्पेशल डिवीजन बेंच ने यह अहम फैसला सुनाया है।



### अमित जोगी ने दिया ये बयान

*इधर हाईकोर्ट के फैसले पर अमित जोगी ने कहा कि कोर्ट ने बिना पूरी सुनवाई का मौका दिए उन्हें दोषी करार दिया, जो उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है। बता दें, कि पूर्व मुख्यमंत्री अजित जोगी के बेटे अमित जोगी 2003 के राम अवतार जग्गी हत्याकांड में आरोपी रहे हैं। 2007 में ट्रायल कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया था, लेकिन सीबीआई और शिकायतकर्ता ने इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी। नवंबर 2025 में, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई की अपील को तकनीकी आधार पर खारिज करने के बाद पुनः बहाल कर दिया था।*

### एससी के आदेश के बाद केस रिओपन

इससे पहले कोर्ट ने सबूतों के अभाव में अमित जोगी को बरी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस पूरे मामले को हाईकोर्ट में रीओपन किया गया। मामले की जांच करने वाली एजेंसी सीबीआई ने कोर्ट में 11 हजार पन्नों की रिपोर्ट पेश की थी। इसी विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर अमित जोगी पर भी चार्ज लगाए गए थे और आज अंतिम सुनवाई के बाद उन्हें दोषी माना गया है। अब उन्हें तीन हफ्ते के अंदर में सरेंडर करना होगा, जिसके बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मामले की सुनवाई के दौरान स्व राम अवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने कोर्ट को बताया कि उनके पिता की हत्या एक राजनीतिक साजिश थी। सीबीआई ने 11 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश की थी, जिसमें हत्या से जुड़े पर्याप्त सबूत शामिल हैं।

गांधी नगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर की घटना, पुलिस ने खुदाई कर निकाला शव

## दोस्त के 'भूत' ने डराया तो आरोपी ने थाने में जाकर बताया पूरा हत्या का घटनाक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिला के अंबिकापुर शहर से एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने अपने दोस्त की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। फिर उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर शव को घर में ही दफना दिया। यह घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर इलाके की है। हत्या के करीब एक सप्ताह बाद आरोपी खुद थाने पहुंचा और अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसे मृतक का भूत दिखाई दे रहा था। इसी डर के कारण उसने आत्मसमर्पण किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 24-25 मार्च की दरमियानी रात की है। मृतक बृजलाल अगरिया (35) शराब के नशे में अपने दोस्त मिथलेश कुजूर (37) के घर पहुंचा था।



उसने मिथलेश को साथ बैठकर शराब पीने के लिए कहा। नवरात्र होने के कारण मिथलेश ने मना कर दिया, जिस पर दोनों में विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर झूमाझटकी हुई, जिसमें मिथलेश का मोबाइल फोन टूट गया। मोबाइल टूटने से गुस्साए मिथलेश ने पास रखे डंडे से बृजलाल के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से बृजलाल की मौके पर ही मौत हो गई।

### पत्नी के साथ मिलकर छिपाया दोस्त का शव

*हत्या के बाद आरोपी मिथलेश ने अपनी पत्नी राजकुमारी (36) के साथ मिलकर शव छिपाने की योजना बनाई। उन्होंने घर में पहले से खोदे गए एक गड्ढे में शव को डाल दिया। इसके बाद गड्ढे को प्लाईबोर्ड से ढककर ऊपर मिट्टी डाल दी। पति-पत्नी कुछ दिनों तक घर छोड़कर रिश्तेदारों के यहां छिपे रहे। इस दौरान मिथलेश मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। उसे बार-बार दोस्त का 'भूत' दिखाई देता था, जो अंतिम संस्कार कराने की बात कहता था। इसी डर और बेचैनी के कारण उसने थाने जाकर घटना की जानकारी दी। मंगलवार रात मिथलेश गांधीनगर थाने पहुंचा और हत्या की बात कबूल की। उसकी सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों से की मुलाकात व चर्चा


बैठक में चर्चा सीएम डॉ. यादव, केन्द्रीय मंत्री सिंधिया, डॉ. वीरेंद्र व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के संसद सदस्यों से मुलाकात कर प्रदेश के विकास संबंधी योजनाओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय संचार और उत्तर पूर्वी विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन, केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल के साथ महेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र के सांसदों से विकास के मुद्दों पर वन-टू-वन चर्चा की।

घर के सामने लगा टीनशेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त

## घर में घुसा अनियंत्रित ट्रक ग्रामीण की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद




जिले के गुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम बोहारडीह में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक अनियंत्रित ट्रक ने घर के बाहर सो रहे ग्रामीण पन्नालाल बंजारे को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में पन्नालाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के वक्त पन्नालाल गहरी नींद में थे। बेकाबू ट्रक उनके ऊपर चढ़ गया। घर के सामने लगा टीन शेड भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। देर रात करीब एक बजे हुए इस धमाके से गांव वाले दहल उठे। सरपंच राजेंद्र साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तुरंत सक्रियता दिखाई। उन्होंने भागने की कोशिश कर रहे ट्रक चालक की घेराबंदी कर उसे मौके पर ही दबोच लिया। ग्रामीणों की सूझबूझ से आरोपी चालक फरार नहीं हो सका। घायल पन्नालाल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। आरोपी ड्राइवर को ग्रामीणों ने पकड़ा थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का मुख्य कारण चालक को नींद आना बताया जा रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है। मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

विस अध्यक्ष तोमर ने समिति सदस्यों को नाम निर्दिष्ट किया

कार्य मंत्रणा समिति, शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति व सदस्य सुविधा समिति का गठन

## विधानसभा अध्यक्ष ने वर्ष 2026-27 के लिए सदन समितियों का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने वर्ष 2026-27 की अवधि में सेवा करने के लिए सदन समितियों का गठन किया है। गठन के क्रम में कार्य मंत्रणा समिति, शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति तथा सदस्य सुविधा समिति का गठन करते हुए सभापति नियुक्त करते हुए समिति सदस्यों को नाम निर्दिष्ट किया गया है।

कार्यमंत्रणा समिति के सभापति विधान सभा अध्यक्ष तोमर एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोपाल भार्गव, हेमंत खण्डेलवाल, डॉ. सीतासरन शर्मा, अजय विश्नोई, सुश्री मीना सिंह मांडवे, हरिशकर खटीक, सोहनलाल बाल्मीक, यादवेन्द्र सिंह, लखन घनघोरिया एवं हेमंत सत्यदेव कटारे को सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है।

**यह होंगे सभापति व सदस्य**

विधायक हरिशंकर खटीक को शासकीय आश्वासनों सबंधी समिति का सभापति नियुक्त करते हुए विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, गौरव पारधी, विष्णु खत्री, राजेश सोनकर, रामनिवास शाह, डॉ. अभिलाष पाण्डेय, राकेश शुक्ला (गोलू), सुनील उइके, डॉ. विक्रांत भूरिया एवं राजन मण्डलोई को समिति का सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है। विधायक अरुण भीमावद को प्रश्न एवं संदर्भ समिति का सभापति नियुक्त करते हुए विधायक हरिसिंह सप्रे, राजेश वर्मा, प्रणय प्रभात पाण्डेय, नारायण पटेल, अनिल जैन (निवाडी), इंजी. गोपाल सिंह, श्याम बरडे, बाला बच्चन, झूमा ध्यानसिंह सोलंकी एवं सुरेश राजे को समिति का सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है। विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन को सदस्य सुविधा समिति का सभापति नियुक्त करते हुए विधायक मोहन शर्मा, प्रहलाद लोधी, मनोज पटेल, घनश्याम चन्द्रवंशी, राजकुमार कर्राहे, राजेन्द्र भारती, रजनीश सिंह एवं डॉ. रामकिशोर दोगने समिति का सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है।

### पत्रकारिता लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ, समाज की आवाज बनें पत्रकार : तोमर


श्रमजीवी पत्रकार संघ के अधिवेशन में मौजूद विस अध्यक्ष तोमर।

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने खरगोन में श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र है। पत्रकार समाज की आंख और कान हैं, जिनकी कलम के माध्यम से आमजन की पीड़ा, समस्याएं और अपेक्षाएं शासन-प्रशासन तक पहुंचती हैं।

बालको थाना क्षेत्र के तहत बेलाकछार जंगल की घटना

## दो दोस्तों ने एक ही पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या, इलाके में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र के तहत बेलाकछार जंगल में दो दोस्तों की एक साथ एक ही पेड़ में फंदे से लटकती लाश देखे जाने से हड़कंप मच गया। वहीं मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच में जुट गई है।

दरअसल ग्रामीण सुबह जंगल जाने के लिए निकले तभी उनकी नजर पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकते शवों पर पड़ी। जहां इसकी सूचना तत्काल बालको थाना पुलिस को दी गई वही देखते ही देखते ग्रामीण की भीड़ एकत्रित हो गई युवक की पहचान कार्यवाही होने के बाद इसकी जानकारी उनके परिजनों को दी गई जहां वह मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि मृतक 27 वर्षीय प्रमोद कंवर और 26 वर्षीय अमित माथुर के रूप में दोनों की पहचान हुई, दोनों बेलाकछार गांव के रहने वाले हैं। दोनों बुधवार की दोपहर से घर से निकले हुए थे उसके बाद वापस नहीं लौटे।

### परिजनों ने की मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश

*बताया जा रहा है कि प्रमोद कुमार बुधवार दोपहर एक बजे लगभग अमित माथुर के घर पहुंचा और दोनों एक साथ घूमने जाने के नाम से निकले हुए थे उसके बाद देर शाम होने पर अमित के घर वाले अमित के मोबाइल नंबर पर फोन कर रहे थे लेकिन वह फोन नहीं उठाया उनको लगा कि आसपास बस्ती में दोस्तों के साथ होगा काफी समय बीत जाने के बाद वह घर नहीं पहुंचा तब परिजन और रिश्तेदार के यहां उसकी खोज बिल की गई फिर भी पता नहीं चला गुरुवार की सुबह उसकी लाश फांसी की फंदे पर लटकती हुई पाए जाने की सूचना उनके परिजनों को मिली तब मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि दोनों एक ही पेड़ में पतला कपड़े से एक साथ फांसी के फंदे पर लटके हुए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों बालकों के पावर प्लांट में ठेका कर्मी के रूप में काम करते थे जो पिछले कुछ दिनों से काम पर नहीं जा रहे थे। बालको पुलिस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और शव पंचनामा कार्रवाई शुरू करते हुए मृतक के परिजनों का बयान दर्ज कर रही है।*

### शराब ठेकों की टेंडर प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने किया सवाल

# किस आधार पर जनहित याचिका सुनवाई योग्य...?

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा तथा न्यायाधीश विनय सराफ की संयुक्तपीठ ने प्रदेश के 55 जिलों में शराब सप्लाई की टेंडर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कड़ा रुख अपनाते हुए याचिका की ग्राह्यता पर ही गंभीर सवाल खड़े कर प्रारंभिक स्तर पर आपत्ति जताई है। संयुक्तपीठ ने मामले पर सुनवाई के दौरान कहा कि यह स्पष्ट किया जाए कि याचिका किस आधार पर ग्राह्य है, क्योंकि याचिकाकर्ता न तो टेंडर प्रक्रिया में शामिल हुआ है और न ही उसका इससे प्रत्यक्ष संबंध दिखाई देता है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से अतिरिक्त दस्तावेज पेश करने के लिए समय मांगा गया, जिसे संयुक्तपीठ ने स्वीकार कर मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित कर दी।

जबलपुर के अधिवक्ता योगेन्द्र पटेल की ओर से दायर जनहित याचिका में राज्य सरकार की 26 फरवरी 2026 की टेंडर प्रक्रिया को चुनौती दी गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि उक्त टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह फिक्स है और इसका महज प्रदेश के 8 समूहों (ग्रुप्स) को देने की मंशा है। इस प्रक्रिया में केवल मध्यप्रदेश के डिस्टिलर्स को पात्र बनाकर बाहरी कंपनियों को बाहर कर दिया गया जिससे निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा खत्म हो गई। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि स्थानीय डिस्टिलर्स ने मिलकर कार्टेल बनाकर सप्लाई एरिया पहले ही बांट लिया और इस तरह टेंडर प्रक्रिया सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई है। मामले पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने पक्ष रखा, जबकि राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता विवेक शर्मा उपस्थित हुए। मामले में संयुक्तपीठ ने स्पष्ट कहा कि: जब याचिकाकर्ता स्वयं टेंडर प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है, तो यह जनहित याचिका किस आधार पर सुनवाई योग्य है? इस पर याचिकाकर्ता की ओर से अतिरिक्त दस्तावेज पेश करने के लिए समय मांगा गया, जिसे संयुक्तपीठ ने स्वीकार कर लिया।



## अब्दुल रज्जाक का मामला चीफ जस्टिस की बेंच को भेजा

### बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की उठी बात

अब्दुल रज्जाक के प्रकरण में एक नया मोड़ आ गया। गुरूवार को मप्र हाईकोर्ट में मामले पर लंबी सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अली ने बताया कि यह याचिका बंदी प्रत्यक्षीकरण प्रकृति की है। इस पर महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने दलील दी कि बंदी प्रत्यक्षीकरण के मामले मुख्य न्यायाधीश की बेंच में सुने जाते हैं। इस पर जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस आरसीएस बिसेन की खंडपीठ ने मामला चीफ जस्टिस की बेंच में भेज दिया। डिवीजन बेंच ने चीफ जस्टिस से निवेदन किया है कि इसे वरीयता से सुने क्योंकि इसमें सभी पक्ष किसी न किसी बहाने से लगातार स्थगन होते रहे हैं। मामले पर 6 अप्रैल को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के सभी दस्तावेज सीलबंद लिफाफे में वापस भेजने भी कहा।इससे पूर्व हाईकोर्ट के निर्देश पर सीएसपी ओमती सोनू कुर्मी, टीआई ओमती राजपाल सिंह बघेल व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित हुए। कोर्ट ने अधिकारियों से रज्जाक के खिलाफ दर्ज प्रकरणों के संबंध में लंबी पूछताछ की। हालांकि दो चरणों में सुनवाई के बाद आए मोड़ के कारण कोर्ट ने उक्त आदेश दिया।अब्दुल रज्जाक की ओर से दलील दी गई कि उसके खिलाफ दर्ज कई मामलों में अभी तक अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई है। जैसे ही एक मामले में जमानत मिलती है, उसी समय दूसरे प्रकरण में गिरफ्तारी दिखा दी जाती है। यह न्यायिक प्रक्रिया के साथ छलावा है।

## हाईकोर्ट जज से संपर्क करने के मामले में विधायक संजय पाठक के खिलाफ आपराधिक अवमानना का प्रकरण दर्ज

### हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने दिए निर्देश

मप्र हाईकोर्ट ने कटनी जिले के विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक की ओर से जस्टिस विशाल मिश्रा से संपर्क करने के मामले में सख्ती दर्शाई है। गुरुवार को चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस संबंध में दायर याचिका का निराकरण कर दिया। इसके बाद सुओ मोटो संज्ञान लेकर विधायक पाठक के खिलाफ आपराधिक अवमानना का प्रकरण दर्ज कर लिया। कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की ओर से याचिका दायर कर आरोप लगाया गया था कि विधायक ने हाईकोर्ट के जज से संपर्क करने की कोशिश की थी, जो न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास माना जा सकता है। याचिका में यह भी कहा गया था कि पाठक परिवार से जुड़ी खदानों के मामले की सुनवाई जस्टिस विशाल मिश्रा की अदालत में निर्धारित थी। इसी दौरान एक सितंबर 2025 को जस्टिस मिश्रा ने स्वयं इस बात का खुलासा किया था कि विधायक द्वारा उनसे संपर्क करने की कोशिश की थी। जस्टिस मिश्रा ने निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को प्रशासनिक स्तर पर चीफ जस्टिस के समक्ष भेजने का निर्देश भी दिया था। याचिका में कहा गया कि इस पूरे मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।गुरुवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव उपस्थित हुए। डिवीजन बेंच ने आशुतोष दीक्षित की याचिका का निराकरण करके विधायक संजय पाठक के खिलाफ सुओ मोटो आपराधिक अवमानना का प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। इस पर विधायक पाठक की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने आपत्ति जताई। कोर्ट ने आपत्ति नामंजूर कर दी।

### लागत और समयसीमा पर संकट

# युद्ध का असर: जबलपुर में थमे निर्माण कार्य

**जबलपुर।** पश्चिम एशिया में ईरान पर हुए सैन्य हमलों के बाद वैश्विक स्तर पर पैदा हुए तनाव का असर अब सीधे तौर पर देश के निर्माण कार्यों पर दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में उछाल के चलते न सिर्फ रिंग रोड, बल्कि शहर और प्रदेश में चल रहे लगभग सभी बड़े निर्माण कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। ठेका कंपनियां बढ़ती लागत और संसाधनों की कमी के कारण काम आगे बढ़ाने में असमर्थता जता रही हैं। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया संकट के चलते डामर (बिटुमेन) की कीमतों में करीब 50 फीसदी तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं कमर्शियल डीजल लगभग 22 रुपये प्रति लीटर तक महंगा हो गया है। सड़क निर्माण, भवन निर्माण, फ्लाईओवर, सीवर लाइन, पाइपलाइन और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में डामर और ईंधन की अहम भूमिका होती है। ऐसे में लागत का पूरा गणित गड़बड़ा गया है।भारी मशीनों, जेसीबी, पोकलेन, हॉटमिक्स प्लांट और ट्रांसपोर्ट वाहनों के संचालन का खर्च तेजी से बढ़ा है, जिससे कंपनियों का बजट नियंत्रण से बाहर हो रहा है।

#### सड़क, भवन पाइपलाइन सब प्रभावित

स्थिति केवल सड़क परियोजनाओं तक सीमित नहीं है। शहर में चल रहे सरकारी भवन निर्माण, आवासीय योजनाएं, ड्रेनेज और सीवरेज लाइन विस्तार, जल प्रदाय योजनाएं, स्मार्ट सिटी के कार्य, ओवरब्रिज और फ्लाईओवर जैसे प्रोजेक्ट भी प्रभावित हो रहे हैं।निर्माण सामग्री की ढुलाई महंगी होने से सीमेंट, सरिया, गिट्टी और रेत की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। कई साइटों पर काम आंशिक रूप से रोकना पड़ा है या श्रमिकों की संख्या घटानी पड़ी है।

#### लॉजिस्टिक संकट ने रोके तकनीकी कार्य

व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने से सड़क मार्किंग, वेल्डिंग और अन्य तकनीकी कार्यों में बाधा आ रही है। कई साइटों पर मजदूरों के लिए भोजन और अन्य मूलभूत सुविधाओं का प्रबंधन भी चुनौती बन गया है। ट्रांसपोर्ट लागत बढ़ने से दूर-दराज से सामग्री मंगवाना महंगा और समय लेने वाला हो गया है।

#### समय-सीमा पर बड़ा असर

कई परियोजनाएं जो 2026 तक पूरी करने का लक्ष्य लेकर चल रही थीं, अब अनिश्चित देरी की ओर बढ़ रही हैं। जिन पैकेजों या चरणों का कार्य 60 से 70 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है, वहां भी अंतिम चरण की लागत बढ़ने से काम की गति धीमी हो गई है।

ठेकेदार एजेंसियां शासन से दर संशोधन (रेट रिवीजन) और अतिरिक्त बजट की मांग कर सकती हैं। यदि कच्चे तेल की कीमतों में जल्द स्थिरता नहीं आई, तो आने वाले महीनों में लागत और बढ़ने की आशंका है।

#### प्रशासन के सामने दोहरी चुनौती

एक ओर जनता को समय पर परियोजनाएं सौंपने का दबाव है, वहीं दूसरी ओर बढ़ती लागत और संसाधनों की कमी बड़ी चुनौती बन चुकी है। विभागीय स्तर पर स्थिति का आकलन किया जा रहा है, ताकि बढ़ती कीमतों और समयसीमा के बीच संतुलन बनाया जा सके।स्पष्ट है कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव का असर अब स्थानीय विकास कार्यों तक पहुंच चुका है। यदि हालात जल्द सामान्य नहीं हुए, तो शहर और प्रदेश में चल रहे कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की रफ्तार और धीमी हो सकती है।

# बाइक सवारों पर पलटी ट्रैक्टर ट्राली, 1 गंभीर

### पाटन चौराहे पर सड़क दुर्घटना, 1 ने कूदकर जान बचाई

**जबलपुर।** पाटन चौराहे पर गुरुवार की सुबह घास के बंडलों से लदी एक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सुबह लगभग 10 बजे का बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर की रफ्तार काफी अधिक थी, जिसके कारण चालक मोड़ पर संतुलन खो बैठा। फिलहाल पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन से मनेरी प्लांट की ओर जा रहा घास से लदा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पाटन चौराहे पर पलट गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे दो बाइक सवार इसकी चपेट में आ गए। बाइक पर ग्राम कांटी निवासी रोहित चौधरी अपने एक मित्र के साथ सवार होकर जबलपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वे चौराहे के करीब पहुंचे, उनके बगल से गुजर रही ट्राली उन पर पलट गई। रोहित के दोस्त ने कूदकर अपनी जान बचा ली, लेकिन रोहित भारी-भरकम ट्राली और घास के ढेर के नीचे दब गया। दुर्घटना होते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घायल रोहित को बाहर निकालने के लिए स्थानीय लोगों ने तत्काल प्रयास शुरू किए। पास ही एक जेसीबी मशीन उपलब्ध थी, जिसकी मदद ली गई। जेसीबी के माध्यम से भारी ट्राली को ऊपर उठाया गया और मलबे में फंसे रोहित को बाहर निकाला गया। उसे तत्काल पाटन स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। रोहित की हालत फिलहाल चिंताजनक बनी हुई है। सूचना मिलते ही पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैक्टर और घास से लदी ट्राली को जब्त कर लिया है। ट्रैक्टर चालक राकेश को पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर हिरासत में ले लिया है । मौके पर यातायात बहाल करने के लिए पलटी हुई ट्राली को सड़क से हटाया गया है।

गौरतलब है कि जबलपुर-भोपाल मार्ग पर स्थित शहपुरा पुल टूटने के कारण सारा यातायात पाटन मार्ग की ओर डायवर्ट कर दिया गया है। इस वजह से सड़क पर वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ गया है। ग्रामीणों ने पूर्व में भी प्रशासन से यहां डिवाइडर और ब्रेकर बनवाने की मांग की थी, ताकि वाहनों की गति पर नियंत्रण पाया जा सके, लेकिन इस दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। चौराहे पर ब्रेकर न होने के कारण वाहन चालक तेज रफ्तार में निकलते हैं, जो हादसों का मुख्य कारण बन रहा है।



## गौर में धर्मस्थल के अवैध निर्माण का हिस्सा हटाया

**जबलपुर।** नगर निगम के रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में गौर नदी से लगी सरकारी जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण को जिला प्रशासन ने हटवा दिया। यह कार्रवाई ग्रामीणों की शिकायत के बाद की गई।ग्रामीणों का कहना था कि सरकारी जमीन और सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा कर मस्जिद का विस्तार किया जा रहा था, जिससे 'रज्जाक डेरी' से गौर नदी तक जाने वाला पुराना रास्ता बंद हो गया था।शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग ने जांच कराई। पटवारी द्वारा किए गए सीमांकन में पता चला कि खसरा नंबर 137 की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। जहां 450 वर्ग फीट निजी भूमि थी, वहां करीब 1500 वर्ग फीट में निर्माण और विस्तार किया जा रहा था।प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए रास्ता रोक रहे हिस्से को जमींदोज कर दिया। संयुक्त तहसीलदार, क्षेत्रीय पटवारी और पुलिस चौकी प्रभारी की मौजूदगी में भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाया गया।जिला प्रशासन के अनुसार, यह जमीन मूल रूप से दुबे परिवार की थी। वारिस के लापता होने का फायदा उठाकर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था। अधिकारियों ने कहा है कि सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## ऑन ड्यूटी कर्मी के विरुद्ध मुकदमा चलाने के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य

**हाईकोर्ट ने कहा , पमरे के चीफ विजिलेंस इंस्पेक्टर, विजिलेंस इंस्पेक्टर और असिस्टेंट विजिलेंस ऑफीसर के खिलाफ लंबित आपराधिक प्रकरण निरस्त**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में अहम कानूनी सिद्धांत प्रतिपादित करते हुए कहा कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी अपने आधिकारिक कर्तव्य के निर्वहन के दौरान कोई कार्य करता है, तो उसके विरुद्ध मुकदमा चलाने के लिए सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। इस मत के साथ हाईकोर्ट ने पश्चिम मध्य रेल जबलपुर में पदस्थ चीफ विजिलेंस इंस्पेक्टर, विजिलेंस इंस्पेक्टर और असिस्टेंट विजिलेंस ऑफीसर के खिलाफ लंबित आपराधिक प्रकरण व कार्यवाही को निरस्त कर दिया। यह मामला वर्ष 2011 का है, जब रेलवे के सतर्कता निरीक्षकों ने एक ट्रेन में टिकट निरीक्षक प्यार सिंह मीणा के कार्य की जांच की थी। इसके बाद प्यार सिंह मीणा ने आरोप लगाया था कि उसके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की गई। इस संबंध में जीआरपी कटनी में भादंवि की धारा 294, 323, 506 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

जबलपुर निवासी विजिलेंस अधिकारी सुनील कुमार मिश्रा व दो अन्य ने उक्त एफआईआर को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा, अंजना श्रीवास्तव व अमित रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि पूर्व में जीआरपी थाना जबलपुर एवं पुलिस अधीक्षक (रेल) द्वारा की गई जांच में इन अधिकारियों को निर्दोष पाया था और केवल एक अन्य अधिकारी सुभाष यादव को दोषी माना गया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस बात पर भी सवाल उठाए कि घटना कटनी/जबलपुर की थी, लेकिन शिकायत तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक रीवा गाजीराम मीणा के हस्तक्षेप पर कटनी में दर्ज की गई थी। आईजी का जीआरपी थाना पर कोई क्षेत्राधिकार नहीं था।



## डॉ. अल्पना सिंह बनीं कृषि महाविद्यालय की डीन

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की प्रोफेसर डॉ. अल्पना सिंह को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर का अधिष्ठाता (डीन) नियुक्त किया गया है। डॉ. अल्पना सिंह ने भाभा एटोमिक एवं जायका इंटरनेशनल परियोजनाओं में महत्वपूर्ण अनुसंधान कार्य किया है। उनके नेतृत्व में 5 परियोजनाएं संचालित हो चुकी हैं। उनके 80 शोध पत्र, 3 पुस्तकें, 10 तकनीकी बुलेटिन और 40 लेख प्रकाशित हो चुके हैं, साथ ही 30 से अधिक रेडियो एवं टीवी वार्ताएं भी प्रसारित हो चुकी हैं। उन्हें 10 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी नियुक्ति पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, कृषि अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल श्रीवास्तव, उद्यानिकी संकाय की अधिष्ठाता डॉ. स्वाती बार्चे सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत कर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लोकसभा में सांसद आशीष दुबे ने तथ्यात्मक रूप से रखी मांग

# जबलपुर में शुरू हो सफल का खरीदी केंद्र और मदर डेयरी की प्रसंस्करण इकाई: सांसद

**जबलपुर।** जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने लोकसभा में जबलपुर में 'सफल' का नियमित मटर खरीदी केंद्र तथा 'मदर डेयरी' की खाद्य एवं दुग्ध प्रसंस्करण इकाई स्थापित किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। उन्होंने क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों की समस्याओं को तथ्यों के साथ सदन के समक्ष रखा। सांसद श्री दुबे ने कहा कि जबलपुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मटर का उत्पादन होता है और यह देश के प्रमुख मटर उत्पादक क्षेत्रों में शामिल है। सरकार द्वारा जबलपुर को मटर के लिए "एक जिला एक उत्पाद" योजना में चयनित किया गया है। यहां प्रतिवर्ष लगभग 60 हजार टन मटर का उत्पादन होता है। इसके बावजूद नियमित खरीदी केंद्र नहीं होने से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि यदि जबलपुर में 'सफल' का स्थायी खरीदी केंद्र प्रारंभ होता है तो हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। सांसद श्री दुबे ने यह भी बताया कि जबलपुर दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में भी अग्रणी है, जहां प्रतिदिन लगभग 3 लाख लीटर से अधिक दूध का उत्पादन होता है। लेकिन प्रसंस्करण की पर्याप्त सुविधा न होने के कारण इस उत्पादन क्षमता का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जबलपुर में 'मदर डेयरी' की खाद्य एवं दुग्ध प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने की मांग की, जिससे महाकौशल क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके पूर्व सांसद आशीष दुबे ने नेशनल डेयरी बोर्ड के अध्यक्ष मीनेश शाह से नई दिल्ली में भेंट कर जबलपुर में 'सफल' के स्थायी खरीदी केंद्र और दुग्ध प्रसंस्करण इकाई के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

सांसद श्री दुबे ने बताया कि उन्हें केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर द्वारा दिसंबर 2024 से जबलपुर में हरी मटर की खरीद प्रारंभ होने की जानकारी दी गई थी। इस पर अध्यक्ष डॉ. शाह ने सकारात्मक विचार कर शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। सांसद ने कहा कि 'सफल' ब्रांड की जमी हुई मटर विशेष तकनीक से तैयार की जाती है, जिसमें ताजे दानों को सुरक्षित तरीके से जमा कर वर्षभर उपयोग योग्य बनाया जाता है। जबलपुर जैसे बड़े उत्पादन केंद्र में खरीदी केंद्र खुलने से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलेगा और क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।




## अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में मास्टरक्लास प्रदर्शन दिखाया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1733.55 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर एमपीईआरसी के सभी मानकों से बेहतर प्रदर्शन किया। संयंत्र का प्लांट उपलब्धता कारक 98.29% और प्लांट लोड फैक्टर 94.24% रहा। पावर हाउस ने पूरे वर्ष शून्य ट्रिपिंग और शून्य विशिष्ट तेल खपत का रिकॉर्ड बनाया, जिसे "मास्टरक्लास प्रदर्शन" माना गया। अभियंता और तकनीकी कर्मचारी समयबद्ध अनुरक्षण, उन्नत निगरानी और सटीक लोड प्रबंधन के लिए सराहे गए। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह और डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और इसे विद्युत उत्पादन क्षेत्र के लिए आदर्श मानक बताया।



## खबर संक्षेप




### साई पैरेंटरल्स का शेयर बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** विविध 'फार्मास्यूटिकल फॉर्म्युलेशन' कंपनी साई पैरेंटरल्स लिमिटेड का शेयर अपने 392 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले तीन प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचबीद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 405 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 3.32 प्रतिशत अधिक है। वहीं एनएसई पर शेयर ने 400 रुपये पर कारोबार की शुरुआत की जो 2.04 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है।

### पावरिका का शेयर 7 फीसदी गिरावट के साथ सूचीबद्ध




**दिल्ली।** पावर सॉल्यूशन प्रदाता पावरिका लिमिटेड का शेया अपने निर्गम मूल्य 395 रुपये के मुकाबले सात प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर 366 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 7.34 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। बीएसई पर इसने निर्गम मूल्य से 5.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 375 रुपये पर कारोबार की शुरुआत की। एनएसई पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन 4,684.95 करोड़ रुपये रहा।

### एसएलसीएम का आईपीओ लाने दस्तावेज जमा




**नई दिल्ली।** कृषि भंडारगृह कंपनी सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट (एसएलसीएम) ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए गोपनीय तरीके से अपने दस्तावेज जमा किए हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक सार्वजनिक सूचना में बताया कि उसने बाजार नियामक सेबी और शेयर बाजारों के समक्ष अपने प्रस्तावित आईपीओ के संदर्भ में दस्तावेज जमा कर दिए हैं। कृषि लॉजिस्टिक में प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं देने वाली इस कंपनी ने गोपनीय तरीके से दस्तावेज जमा करने का विकल्प चुना है।

### एसएचआर तीन साल में 300 से अधिक श्री स्टोर खोलेगी

**नई दिल्ली।** पारंपरिक परिधान ब्रांड 'श्री' का संचालन करने वाली कंपनी एसएचआर लाइफस्टाइल देशव्यापी विस्तार योजना के तहत अगले तीन साल में अपने खुदरा नेटवर्क को दोगुना से अधिक कर लगभग 300 स्टोर तक पहुंचाने की योजना बना रही है। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, खुदरा नेटवर्क के इस विस्तार की मदद से वह वर्ष 2030 तक अपने राजस्व को कई गुना बढ़ाकर 900 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। जो वर्तमान में 150 करोड़ रुपये है। कंपनी का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कारोबार है और दुबई, अबू धाबी, रियाद तथा शारजाह में इसके स्टोर हैं।

# अमेरिका में 90 लाख नौकरियों पर एआई का साया! रिपोर्ट से उड़ी प्रोफेशनल्स की नींद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की ओर बढ़ रही है, लेकिन इसके साथ ही रोजगार को लेकर एक बड़ी चिंता भी सामने आ रही है। अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से अर्थव्यवस्था, उद्योग और रोजगार के स्वरूप को बदल रहा है। टेक्नोलॉजी के इस विस्तार ने जहां नए अवसर पैदा किए हैं, वहीं कई पारंपरिक नौकरियों पर खतरा भी बढ़ा है।

अमेरिका एआई डेवलपमेंट में दुनिया के अग्रणी देशों में है। गूगल, माइक्रोसिफ्ट, ओपनएआई और मेटा जैसी कंपनियां एआई के क्षेत्र में बड़े स्तर पर काम कर रही हैं। इस बीच अमेरिका की टफ्टस यूनिवर्सिटी की एक ताजा स्टडी आई है। स्टडी में जो रिजल्ट सामने आया है, उसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। यह रिपोर्ट अमेरिका एआई जॉब रिस्क इंडेक्स पर आधारित है, जिसमें 700 से ज्यादा पेशों का विश्लेषण कर यह समझने की कोशिश की गई है कि कौन-सी नौकरियां सबसे ज्यादा जोखिम में हैं।

**अमेरिका की टफ्टस यूनिवर्सिटी की एक ताजा स्टडी से मची हलचल**

#### दो से पांच वर्षों में होगी प्रभावित

रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले 2 से 5 वर्षों में करीब 90 लाख नौकरियां एआई के कारण प्रभावित हो सकती हैं।अमेरिका की टफ्टस यूनिवर्सिटी की यह स्टडी सिर्फ एक सामान्य रिपोर्ट नहीं है, बल्कि एआई और नौकरियों के भविष्य को समझने के लिए बनाई गई एक डेटा-आधारित मॉडलिंग स्टडी है। इसे अमेरिकन एआई जॉब रिस्क इंडेक्स कहा जाता है, जिसे यूनिवर्सिटी के रिसर्च सेंटर ने तैयार किया है।



#### व्हाइट कॉलर नौकरियां भी होगी प्रभावित

यूनिवर्सिटी की यह स्टडी एक प्रकार की खतरे की घंटी है जो चेतावनी देती है कि आने वाले समय में नौकरी का संकट सिर्फ मजदूर वर्ग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि व्हाइट कॉलर नौकरियों को भी प्रभावित करने वाला है। स्टडी के अनुसार आने वाले 2 से पांच साल में करीब 9.3 मिलियन (लगभग 90 लाख) नौकरियां खतरे में आने वाली हैं और इनमें हर सेक्टर शामिल है।

#### आर्थिक असर कितना बड़ा होगा?

इस बदलाव का आर्थिक असर भी बेहद बड़ा हो सकता है। 200 अरब डॉलर से लेकर 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक आय पर असर, कंपनियों में हायरिंग कम होने की संभावना, एंट्री-लेवल जॉब्स सबसे पहले प्रभावित, एआई के कारण कंपनियां कम कर्मचारियों में ज्यादा प्रोडक्टिविटी हासिल कर रही हैं, जिससे नई भर्तियों पर असर पड़ रहा है। अपनी नौकरी सुरक्षित रखने के लिए अब प्रोफेशनल्स को अब मल्टी-स्किलिंग की दिशा में भी काम करना चाहिए, यानी एक से ज्यादा स्किल्स सीखकर खुद को ज्यादा उपयोगी बनाना होगा।

## रुपया 156 पैसे मजबूत होकर 93.14 प्रति डॉलर पर

# आरबीआई के फैसले से रुपए की बदली तस्वीर, 12 साल में सबसे बड़ी तेजी दर्ज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कड़े कदमों के बाद बृहस्पतिवार को रुपये में कई वर्षों की सबसे बड़ी एकदिवसीय तेजी दर्ज की गई और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 156 पैसे मजबूत होकर 93.14 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.62 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 188 पैसे चढ़कर 92.82 के उच्चस्तर तक पहुंच गया।

**मुद्रा विनिमय बाजार में 94.62 पर भाव खुला था**

सत्र के अंत में यह 156 पैसे यानी 1.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 93.14 प्रति डॉलर पर रहा। इससे पहले, रुपया सोमवार को 95 के स्तर के पार चला गया था। शुक्रवार को यह 94.84 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। हालांकि, उसके बाद आरबीआई की तरफ से उठाए गए कई कदमों ने इसे समर्थन दिया।

#### बैंकों के लिए रुपए में सीमा 10 करोड़ डालर तय

आरबीआई ने 27 मार्च, 2026 को जारी परिपत्र के जरिये बैंकों के लिए रुपये में नेट ओपन पोजिशन की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय कर दी और 10 अप्रैल तक इसका अनुपालन अनिवार्य कर दिया। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने बैंकों को ऑनशोर फॉरवर्ड बाजार में गैर-वितरणीय डेरिवेटिव अनुबंध देने से भी रोक दिया है।




#### विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध दोबारा नहीं होंगे शुरू

आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी रद्द किए गए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध को दोबारा बुक करने की अनुमति नहीं होगी। इन कदमों का उद्देश्य रुपये पर सट्टा दबाव को कम करना है। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि इन नियामकीय कदमों के चलते बैंकों को अपनी ओपन पोजिशन कम करने के लिए डॉलर की बिक्री करनी पड़ी, जिससे रुपये को मजबूती मिली।

#### 10 अप्रैल तक डॉलर की बिकवाली जारी रहने का अनुमान

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि यह 12 वर्षों के भीतर किसी एक कारोबारी सत्र में रुपये की सबसे बड़ी बढ़त है। इसके साथ 10 अप्रैल की समयसीमा तक बैंकों की ओर से डॉलर बिकवाली जारी रहने का अनुमान है। चौधरी ने कहा, ''हालांकि, विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये पर दबाव बना रह सकता है।''

#### कच्चे तेल के महंगा होने का पड़ा असर

विदेशी मुद्रा बाजार मंगलवार को महावीर जयंती के कारण बंद रहे, जबकि बुधवार को बैंकों के वार्षिक लेखा समापन के चलते कारोबार नहीं हुआ। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.60 प्रतिशत बढ़कर 100.05 पर रहा। इस बीच, लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की वजह से अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.84 प्रतिशत चढ़कर 108 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया।

#### रुपए में चार फीसदी से अधिक गिरावट आई

ईरान युद्ध की वजह से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से रुपये की कीमत में 28 फरवरी से चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह करीब 10 प्रतिशत कमजोर हुआ है। इस बीच, घरेलू शेयर बाजार में तेजी रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 8,331.15 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

# सेबी का शेयर पुनर्खरीद की मंजूरी दोबारा देने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने कर ढांचे में बदलाव के बाद कंपनियों को शेयर पुनर्खरीद के लिए स्टॉक एक्सचेंज के जरिये खुले बाजार से खरीद की अनुमति फिर से देने का बृहस्पतिवार को प्रस्ताव रखा।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परामर्श पत्र में कहा है कि पुनर्खरीद का यह तरीका दोबारा शुरू करने से कंपनियों को पुनर्खरीद का एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। इसके साथ ही सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए समान अवसर और कराधान का और तरीका भी सुनिश्चित होगा।

- कंपनियां खुले बाजार से शेयर की पुनर्खरीद कर पाएगी

स्टॉक एक्सचेंज के जरिये शेयरों की पुनर्खरीद को एक अप्रैल, 2025 से बंद कर दिया गया था। ऐसी आशंका थी कि 'कीमत-समय मिलान प्रणाली' के कारण कुछ निवेशक पुनर्खरीद का बड़ा हिस्सा हासिल कर लेते हैं, जबकि अन्य इच्छुक निवेशक इससे वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा, पुराने कर ढांचे में शेयरधारकों के बीच कर संबंधी असमानता भी थी।




#### वैश्विक बाजारों में होता है इस्तेमाल

सेबी ने यह भी कहा कि वैश्विक बाजारों में खुले बाजार के जरिये पुनर्खरीद का तरीका व्यापक रूप से इस्तेमाल होता है और इससे बेहतर मूल्य की तलाश, तरलता और पूंजी आवंटन की दक्षता बेहतर होती है। फिक्की और भारतीय निवेश बैंकर संघ (एआईबीआई) जैसे उद्योग संगठनों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। उनका कहना है कि इससे बाजार में बिकवाली का दबाव कम करने और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलेगी।

#### पुनर्खरीद के लिए अलग खिड़की की व्यवस्था संभव

इस प्रस्ताव के तहत स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से पुनर्खरीद के लिए अलग 'खिड़की' उपलब्ध कराई जा सकती है। सेबी ने इस पर 23 अप्रैल तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

## बाजार शुरूआती गिरावट से उबरने में रहा सफल

# रुपए में जोरदार उछाल से सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के ऊपर पार निकल गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला।

- निवेशकों ने आईटी और बैंक शेयरों में की खरीदारी

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में 1,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया।

एचसीएल टेक और टीसीएस जैसी आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों और एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों में मजबूत लिवाली से सूचकांक को भारी नुकसान से उबरने में मदद मिली और कारोबार समाप्त होने से पहले यह 73,568.54 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया।



पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 33.70 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,700 अंक के ऊपर 22,713.10 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 496.85 अंक यानी 2.19 प्रतिशत लुढ़क गया था लेकिन बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 22,782.30 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

#### आईटी शेयर रहे लाभ में

आईटी शेयरों में लिवाली के कारण तेजी को समर्थन मिला। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयर लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी इंडिया, टाइटन, एक्सिस बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., कोटक महिंद्रा बैंक और आईटीसी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

#### रिलायंस, एनटीपीसी रहे नुकसान में

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, इटर्नल, सन फार्मास्युटिकल्स, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील शामिल हैं।

# सेल की बिक्री 11.5 प्रतिशत बढ़कर रही 2.01 करोड़ टन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में उसकी बिक्री 11.5 प्रतिशत बढ़कर 2.01 करोड़ टन रही। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी का कच्चे इस्पात का उत्पादन 1.94 करोड़ टन और बिक्री योग्य इस्पात का उत्पादन 1.91 करोड़ टन रहा।

सेल ने बयान में कहा, ''अपनी ब्रांड उपस्थिति और ग्राहकों तक पहुंच को मजबूत करते हुए, कंपनी ने 2.01 करोड़ टन की अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है, जो पिछले वर्ष के 1.8 करोड़ टन की तुलना में 11.5 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि है।'' कंपनी ने आगे बताया कि यह वृद्धि व्यापक रही और सभी उत्पाद श्रेणियों में बिक्री बढ़ी है।




कंपनी ने कहा कि उसकी परिचालन उत्कृष्टता बेहतर दक्षता मानकों पर साबित हुई है। बयान के अनुसार, ''भारतीय रेलवे को 12.5 लाख टन की रिकॉर्ड आपूर्ति के साथ ही यूनिवर्सल रेल मिल ने अब तक का सबसे अधिक 'लॉन्ग रेल' उत्पादन दर्ज किया। इससे भारत के रेल विस्तार में कंपनी के रणनीतिक योगदान का पता चलता है।''

### अल्केम नई इकाई में निवेश बढ़ाकर करेगी 1036 करोड़

**नई दिल्ली।** अल्केम लैबोरेटरीज लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में प्रस्तावित नई फॉर्म्युलेशन विनिर्माण इकाई के लिए निवेश लगभग दोगुना कर 1,036 करोड़ रुपये करने की घोषणा की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि निदेशक मंडल ने उज्जैन में विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए निवेश को 533 करोड़ रुपये से चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 1,036 करोड़ रुपये करने की दो अप्रैल को मंजूरी दी है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

**पंचम निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-13 DATE-02/04/2026 2026_UAD_493824_1 | संभाग क्रमांक 06 डॉ गोविंद वल्लभ पंत घोड़ा नक्काश क्षेत्र में पूर्व विधायक निवास की जर्जर गली में पेवर ब्लॉक व चेम्बर लगाने का कार्य (पार्षद मद) | तीन माह 2.99/- (लाख) | 2,000/- 2992/- | 18/04/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
जबलपुर

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)-482056
Email ID- eeemdv2bargidam@gmail.com
**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है-

| निविदा क्रं. | ई. निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्यपूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 149/तक. 2025-26 दिनांक 26.03.2026 (द्वितीय आमंत्रण) | 2026-NVDA-496036-1 | रा.अ.बा.लो.सा. परियोजना के दाया पार्श्व गैलरी के डीजल जनरेटर रूम से 26 नम्बर तक 185 SQMM. केबल प्रदाय करने तथा लगाने के कार्य। | 13,14,462.00 रू(तेरह लाख चौदह हजार चार सौ बासठ) मात्र | 26,289.00 रू(छब्बीस हजार दो सौ नवासी) मात्र | 2000.00 रू (दो हजार मात्र) | 1.प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत 2. म.प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी 'अ' श्रेणी का लाइसेंस। | 30 दिन अनुबंध की तिथि से) |
| 150/तक. 2025-26 दिनांक 26.03.2026 (द्वितीय आमंत्रण) | 2026-NVDA-496031-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के बरगी बांध की गैलरी की विद्युत व्यवस्था की अर्थिंग बदलने का कार्य। | 2,57,310.00 रू (दो लाख सन्तावन हजार तीन सौ दस) मात्र | 5146.00 रू(पॉच हजार एक सौ छयालीस) मात्र | 2000.00 रू (दो हजार मात्र) | 1.प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत 2. म.प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी 'अ' श्रेणी का लाइसेंस। | 30 दिन अनुबंध की तिथि से) |
| 152/तक. 2025-26 दि-26.03.2026 (द्वितीय आमंत्रण) | 2026-NVDA-496038-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि के बरगी बांध की दांयी तट नहर के स्लूस गेटों पर विद्युत आपूर्ति और नियंत्रण पैनल के लिये एल.टी. पेनल इनक्लोजर लगाने का कार्य। | 1,70,313.00 रू (एक लाख सत्तर हजार तीन सौ तेरह) मात्र | 3046.00 रू(तीन हजार छयालीस) मात्र | 1000.00 रू (एक हजार मात्र) | 1.प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन अनुबंध की तिथि से) |
| 153/तक. 2025-26 दि-26.03.2026 (द्वितीय आमंत्रण) | 2026-NVDA-496044-1 | बरगी हिल्स स्थित आवासियों कॉलोनी में मेन रोड बेरियर पर स्थित 6" डाया सी.आई. पाईप लाईन का सुधार कार्य। | 53,270.00 रू (त्रेपन हजार दो सौ सत्तर ) मात्र | 1065.00 रू(एक हजार पैसठ) मात्र | 1000.00 रू (एक हजार मात्र) | 1.प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन अनुबंध की तिथि से) |
| 185/तक. 2025-26 दि-26.03.2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-496100-1 | बरगी नगर जल प्रदाय व्यवस्था में पम्प हाउस क्र. 3 के अंतर्गत आवासगृह पी.एफ. टाईप क्षेत्र में लगी 3" डाया जी.आई. पाईप लाईन का सुधार कार्य। | 83,703.00 रू (तेरासी हजार सात सौ तीन) मात्र | 1674.00 रू(एक हजार छः सौ चौहत्तर) मात्र | 1000.00 रू (एक हजार मात्र) | 1.प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन अनुबंध की तिथि से) |
| 186/तक. 2025-26 दि-26.03.2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-496103-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के बरगी नगर के दांयी तट नहर में स्थित 13 नग स्लूज गेटों (2.62 x 2.00 Mtr.) का मानसून पूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | 1,32,159.00 रू (एक लाख बत्तीस हजार एक सौ उन्नसठ) मात्र | 2643.00 रू(दो हजार छः सौ) तेतालीस मात्र | 1000.00 रू (एक हजार मात्र) | 1.प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू | 20,11,217.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि- 21/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन), प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम - 21/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन), निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि -23/04/2026, 10:30 से 23/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन), प्राईज बीड खुलने की तिथि - 23/04/2026, 10:31 से 23/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन) निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं।निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

G-11068/26

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यालय कार्यपालन यंत्री
(वि./यां.) संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)


## आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों व बढ़ती कीमतों से 10 फीसदी आएगी गिरावट

# पश्चिम एशिया संकट से सूरजमुखी तेल की बिक्री घटेगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों और बढ़ती कीमतों के चलते चालू वित्त वर्ष में भारत में रिफाइंड सूरजमुखी तेल की बिक्री में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट आने की संभावना है। बढ़ती कीमतों के कारण उपभोक्ता सस्ते विकल्पों की ओर रुख कर सकते हैं। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दोहरी चुनौतियों के कारण, जिनसे मांग पर असर पड़ेगा, चालू वित्त वर्ष में भारतीय रिफाइंड सूरजमुखी तेल की बिक्री में 10 प्रतिशत की गिरावट आने की संभावना है।

#### लॉजिस्टिक्स लागत में वृद्धि से कीमतें बढ़ी

रिपोर्ट में कहा गया है कि पहली चुनौती पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटें हैं, और दूसरी चुनौती लॉजिस्टिक्स लागत में वृद्धि के कारण बढ़ी हुई कीमतें हैं। इन दोनों कारणों से उपभोक्ता सस्ते विकल्पों, जैसे कि राइस ब्रान (चावल की भूसी का तेल) और सोयाबीन तेल का रुख कर सकते हैं।

**बढ़ती कीमतों से उपभोक्ता सस्ते विकल्प की और कर सकते हैं रुख**



#### घरेलू सूरजमुखी का स्टॉक सीमित

रिपोर्ट के अनुसार, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली रुकावटें, कम समय के लिए घरेलू सूरजमुखी तेल रिफाइनरी कंपनियों के पास मौजूद स्टॉक के स्तर को सीमित कर देंगी। हालांकि, इससे कार्यशील पूंजी का कुछ हिस्सा अस्थायी रूप से मुक्त होगा, जिससे नकदी प्रवाह को मदद मिलेगी।

#### राजस्व स्थिर रहने की उम्मीद

हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस साल राजस्व लगभग स्थिर रहने की उम्मीद है, क्योंकि बढ़ी हुई कीमतें बिक्री में आई गिरावट की भरपाई कर देंगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि सूरजमुखी तेल रिफाइनरी कंपनियों का मुनाफा भी स्थिर रहेगा। पहले से कम कीमत पर खरीदे गए स्टॉक से होने वाला लाभ, बिक्री में आई गिरावट के कारण होने वाले नकारात्मक परिचालन प्रभाव की काफी हद तक भरपाई कर देगा।

#### जहाज अब लंबे रास्तों से यात्रा कर रहे हैं

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण, जहाज अब लंबे रास्तों (जैसे कि 'केप ऑफ गुड होप' के रास्ते) से यात्रा कर रहे हैं, जिससे यात्रा की दूरी और उसमें लगने वाला समय, दोनों ही बढ़ गए हैं। इसके अलावा, संघर्ष-संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरने वाले जहाजों के लिए 'युद्ध-जोखिम बीमा' का प्रीमियम भी बढ़ गया है, जिसके कारण कच्चे सूरजमुखी तेल की पहुंचने तक की कुल लागत में वृद्धि ष हुई है।

## चिंतन

# सुरक्षा के लिए चुनौती बने चीनी कैमरों पर सख्ती

देश की आंतरिक सुरक्षा में आज के समय में डिजिटल ढांचे की मजबूती बेहद जरूरी है। ऐसे समय में जब हर गली, चौराहे, सरकारी दफ्तर और संवेदनशील प्रतिष्ठानों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के भरोसे है, उन्हीं कैमरों के जरिए सुरक्षा में सेंध की आशंका गंभीर चिंता का विषय है। दिल्ली में लगे करीब 1.40 लाख चीनी सीसीटीवी कैमरों को हटाने का आदेश इसी खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। दरअसल, तकनीक अब दोधारी तलवार बन चुकी है। एक ओर यह सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान करती है, तो दूसरी ओर अगर यही तकनीक बाहरी नियंत्रण में हो तो यह देश के लिए जासूसी का सबसे खतरनाक हथियार बन सकती है। चीन की कंपनियों द्वारा निर्मित कैमरों को लेकर लंबे समय से यह आशंका जताई जाती रही है कि इनके जरिए डेटा लीक या बैकडोर एक्सेस संभव है। इनके जरिये डेटा पाकिस्तान तक भेजा जा रहा है। हाल ही में हरियाणा, दिल्ली, यूपी और आसपास के क्षेत्रों से जुड़े पाकिस्तानी जासूसी रैकेट का खुलासा इस खतरे की वास्तविकता को सामने लाता है। अगर देश के भीतर लगे निगरानी उपकरण ही दुश्मन के हाथों में सूचना पहुंचाने का जरिया बन जाएं, तो यह केवल तकनीकी चूक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा में गंभीर खामी मानी जाएगी। यह मामला केवल एक शहर या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि वैश्विक स्तर पर कई देशों ने पहले ही ऐसे उपकरणों पर प्रतिबंध या नियंत्रण लगा दिया है। अमेरिका, इजराइल जैसे देशों ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से विदेशी तकनीक के उपयोग में बेहद सतर्क नीति अपनाई है। भारत जैसे विशाल और संवेदनशील देश के लिए यह और भी जरूरी हो जाता है कि वह अपने डिजिटल संसाधनों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाए। दिल्ली में पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाए गए लाखों कैमरों में बड़ी संख्या एक ही चीनी कंपनी के होने का तथ्य यह भी दर्शाता है कि हमने लागत और सुविधा के नाम पर सुरक्षा से समझौता किया। सबसे बड़ा खतरा तथाकथित 'बैकडोर एक्सेस' का है। यदि किसी कंपनी के पास अपने उपकरणों पर दूर से नियंत्रण या डेटा तक पहुंच की क्षमता है तो वह किसी भी समय संवेदनशील जानकारी हासिल कर सकती है। यह खतरा केवल जासूसी तक सीमित नहीं, बल्कि साइबर हमलों और महत्वपूर्ण ढांचे को पंगु बनाने तक जा सकता है। ऐसे में सरकार द्वारा इन कैमरों को हटाने का निर्णय एक एहतियाती कदम ही नहीं, बल्कि अनिवार्य कार्रवाई है। जरूरी है कि इस फैसले को केवल राजनीतिक चश्मे से न देखा जाए। यह मुद्दा किसी एक पार्टी या सरकार का नहीं, बल्कि देश की सामूहिक सुरक्षा का है। पिछले वर्षों में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ हमने विदेशी तकनीक पर जो निर्भरता बढ़ाई है, अब समय आ गया है कि उसकी समीक्षा की जाए। इससे स्पष्ट संदेश निकलता है कि सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता ही सबसे बड़ा समाधान है। 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों को अब केवल नारे नहीं, बल्कि ठोस रणनीति के रूप में लागू करने की जरूरत है। सीसीटीवी कैमरे केवल निगरानी का साधन नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा की आंखें हैं। अगर इन आंखों पर किसी और का नियंत्रण होगा, तो खतरा केवल दिखाई देने वाला नहीं, बल्कि अदृश्य भी होगा। इसलिए चीनी कैमरों पर सख्ती केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में उठाया गया एक जरूरी और समायोचित कदम है।



महायुद्ध विमर्श
डॉ. घनश्याम बादल

# ट्रंप की रणनीति और वैश्विक निहितार्थ

इजराइल के साथ मिलकर ईरान के ख़िलाफ़ युद्ध लड़ रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा राष्ट्र के नाम संबोधन में ईरान के विरुद्ध संभावित या चल रहे सैन्य कदमों को जिस प्रकार से न्यायोचित ठहराया गया, उसने वैश्विक राजनीति में एक नई बहस को जन्म दिया है। अपनी प्रकृति के मुताबिक ही इस संबोधन में ट्रंप ने सुरक्षा, आतंकवाद, सामरिक संतुलन, ऊर्जा मार्गों की सुरक्षा तथा सहयोगी देशों के हितों जैसे अनेक मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। हालांकि, इस रणनीति के परिणाम क्या होंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन इतना निश्चित है कि इसका प्रभाव केवल अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करेगा।

इजराइल के साथ मिलकर ईरान के ख़िलाफ़ युद्ध लड़ रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा राष्ट्र के नाम संबोधन में ईरान के विरुद्ध संभावित या चल रहे सैन्य कदमों को जिस प्रकार से न्यायोचित ठहराया गया, उसने वैश्विक राजनीति में एक नई बहस को जन्म दिया है। अपनी प्रकृति के मुताबिक ही इस संबोधन में ट्रंप ने सुरक्षा, आतंकवाद, सामरिक संतुलन, ऊर्जा मार्गों की सुरक्षा तथा सहयोगी देशों के हितों जैसे अनेक मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। विशेष रूप से इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ कार्रवाई को उन्होंने "आवश्यक" और "रक्षात्मक" कदम बताया। हालांकि, इस पूरे विमर्श के भीतर कई ऐसे अंतर्विरोध भी मौजूद हैं, जो अमेरिकी विदेश नीति की दीर्घकालिक दिशा और उसके प्रभावों पर प्रश्नचिह्न खड़े करते हैं। कभी भीषणतम हमले करने तो कभी युद्ध विराम की बात करने वाले ट्रंप के भाषण का सबसे बड़ा केंद्रीय तत्व राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा रहा। उन्होंने ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता का प्रमुख कारण बताते हुए आरोप लगाया कि वह आतंकवादी संगठनों को समर्थन देता है और मध्य-पूर्व में अपने प्रभाव का विस्तार करना चाहता है।

इस संदर्भ में उन्होंने यह तर्क दिया कि अमेरिका और उसके सहयोगियों, विशेषकर इजराइल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कठोर कदम उठाना अनिवार्य हो गया है। यहां ट्रंप की भाषा स्पष्ट रूप से "पूर्व-निरोधात्मक युद्ध" की अवधारणा को समर्थन देती दिखाई देती है, जिसमें ख़तरे के पूरी तरह मूर्त रूप लेने से पहले ही सैन्य कार्रवाई को उचित ठहराया जाता है। अपने अजीबो-गरीब व्यवहार एवं तर्कों के साथ इजराइल के साथ अमेरिकी गठबंधन को ट्रंप ने इस पूरे परिप्रेक्ष्य में नैतिक और रणनीतिक दोनों रूपों में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इजराइल पर किसी भी प्रकार का खतरा अमेरिका के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस प्रकार, उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को एक साझा सुरक्षा ढांचे के रूप में चित्रित किया। आलोचकों का मानना है कि इस दृष्टिकोण में क्षेत्रीय जटिलताओं की अनदेखी की गई है और इससे संघर्ष और अधिक गहरा सकता है।

हार्मूज स्ट्रेट को 'ट्रंप स्ट्रेट' के नाम से संबोधित करने की चतुराई भरी गलती करने वाले ट्रंप के संबोधन में ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक व्यापार मार्गों का मुद्दा भी प्रमुखता से सामने आया। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र वैश्विक तेल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण मार्ग है और इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी है। यहां उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति को और मजबूत कर सकता है। यह रणनीति केवल सैन्य दृष्टिकोण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे आर्थिक हित भी स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। हालांकि, होर्मुज क्षेत्र को लेकर ट्रंप की रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव भी देखा गया है। पहले जहां अमेरिका अपेक्षाकृत संयमित रुख अपनाता रहा था, वहीं अब वह अधिक आक्रामक और प्रत्यक्ष हस्तक्षेप



की नीति की ओर बढ़ता दिखाई देता है। इस बदलाव का एक कारण यह भी हो सकता है कि अमेरिका वैश्विक ऊर्जा बाजार में अपनी पकड़ बनाए रखना चाहता है और किसी भी प्रकार की अस्थिरता को अपने हितों के लिए खतरा मानता है, लेकिन यह रणनीति जोखिमों से भी भरी हुई है, क्योंकि इससे क्षेत्रीय शक्तियों के बीच टकराव की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन "हमें हार्मूज की ज़रूरत नहीं है, जिन्हें इसकी ज़रूरत है, वे उसकी सुरक्षा की चिंता करें" के कथन के बाद ट्रंप का यह भाषण एक बार फिर दुनिया को चकराने वाला है।

भविष्य को लेकर ट्रंप का दृष्टिकोण भी उनके भाषण में स्पष्ट रूप से सामने आया। उन्होंने कहा कि अमेरिका युद्ध नहीं चाहता, लेकिन यदि उसे अपने हितों और सहयोगियों की रक्षा के लिए युद्ध करना पड़े, तो वह पीछे नहीं हटेगा। यह एक प्रकार की "शर्तीय शांति" की अवधारणा है, जिसमें शांति की इच्छा तो जताई जाती है, लेकिन साथ ही सैन्य कार्रवाई की संभावना को भी खुला रखा जाता है। इस तरह का दृष्टिकोण अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अनिश्चितता को बढ़ाता है और संवाद की संभावनाओं को सीमित करता है। अमेरिका में अपने खिलाफ बढ़ते जा रहे विरोध के बीच लोकप्रियता के सबसे निचले पायदान पर पहुंच चुके ट्रंप ने अपने संबोधन में घरेलू राजनीति को भी अप्रत्यक्ष रूप से साधने का प्रयास किया। उन्होंने अमेरिकी जनता को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की कि उनकी सरकार देश की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

यह पहलू विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि किसी भी सैन्य कार्रवाई के लिए घरेलू समर्थन आवश्यक होता है। इतिहास यह भी बताता है कि युद्ध के दीर्घकालिक परिणाम अक्सर अप्रत्याशित होते हैं और उनका प्रभाव केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहता। निष्पक्ष व आलोचनात्मक दृष्टि से देखा जाए तो ट्रंप का यह पूरा विमर्श कई सवाल खड़े करता है। सबसे पहला प्रश्न यह है कि क्या वास्तव में ईरान से उत्पन्न खतरा इतना तात्कालिक और गंभीर है कि सैन्य कार्रवाई को उचित ठहराया जा सके? दूसरा, क्या इस प्रकार की आक्रामक नीति से क्षेत्र में स्थिरता आएगी या फिर यह और अधिक अस्थिरता को जन्म देगी? तीसरा, क्या अमेरिका अपने आर्थिक और सामरिक हितों को "वैश्विक सुरक्षा" के नाम पर प्रस्तुत कर रहा है? इससे इतर भी इस पूरे परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि कोई भी देश एकतरफा सैन्य कार्रवाई करता है, तो यह वैश्विक व्यवस्था के लिए एक खतरनाक उदाहरण बन सकता है। ट्रंप के भाषण में इसका उल्लेख अपेक्षाकृत कम रहा, जो यह संकेत देता है कि अमेरिका अपने निर्णयों में बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका को सीमित कर सकता है। अंततः, ट्रंप का यह संबोधन केवल एक राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि एक व्यापक रणनीतिक संकेत है, जो यह दर्शाता है कि अमेरिका आने वाले समय में मध्य-पूर्व में किस प्रकार की भूमिका निभाना चाहता है। यह भूमिका अधिक आक्रामक, प्रत्यक्ष और हित-केंद्रित दिखाई देती है। हालांकि, इस रणनीति के परिणाम क्या होंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन इतना निश्चित है कि इसका प्रभाव केवल अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।



पंच परिवर्तन
डॉ. मारकंडे आहूजा

# पर्यावरणीय संरक्षण जरूरत नहीं, आध्यात्मिक कर्तव्य

आज पूरी दुनिया पर्यावरण संकट के दौर से गुजर रही है। जलवायु परिवर्तन, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, नदियों का प्रदूषण और बढ़ता तापमान मानव सभ्यता के सामने गंभीर चुनौती बन चुके हैं। वैज्ञानिक समाधान आवश्यक हैं परन्तु केवल तकनीकी उपाय पर्याप्त नहीं हैं। जब तक मनुष्य की सोच और जीवनशैली प्रकृति के अनुरूप नहीं होगी, तब तक स्थायी समाधान संभव नहीं। भारतीय संस्कृति में प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि माता के रूप में देखा गया है। यही कारण है कि यहां पृथ्वी, नदियों, पर्वतों और वृक्षों के प्रति श्रद्धा का भाव रहा है। इसी सांस्कृतिक दृष्टि को पुनर्जीवित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज जीवन में "पंच परिवर्तन" का आह्वान किया है जिनमें समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। इनमें पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान ही नहीं बल्कि जीवन की संस्कृति है। भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण प्रकृति को अपनी ही अभिव्यक्ति बताते हुए कहते हैं," भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च। अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥" (गीता 7.4) अर्थात पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, ये सभी मेरी प्रकृति के रूप हैं। यह श्लोक हमें बताता है कि प्रकृति के प्रत्येक तत्व में दिव्यता निहित है, इसलिए उनका संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक कर्तव्य भी है।

गीता में प्रकृति के संतुलन का एक महत्वपूर्ण सूत्र यज्ञ की अवधारणा के माध्यम से दिया गया है,"अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्याद् अन्नसम्भवः। यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥" (3.14) अर्थात सभी प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न वर्षा से पैदा होता है और वर्षा यज्ञ से होती है। यहां "यज्ञ" का अर्थ केवल अग्नि में आहुति देना नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित और कृतज्ञ जीवन जीना है। भारतीय परंपरा में प्रकृति के प्रति करुणा और संवेदनशीलता के अनेक प्रेरक प्रसंग मिलते हैं। संत एकनाथ की एक प्रसिद्ध कथा इसका सुंदर उदाहरण है। कहा जाता है कि वे काशी से कांवड़ में गंगाजल लेकर रामेश्वरम जा रहे थे ताकि भगवान शिव का अभिषेक कर सकें। मार्ग में उन्हें एक प्यासा गधा दिखाई दिया जो पानी के अभाव में तड़प रहा था। संत एकनाथ ने बिना क्षण भर सोचे अपनी कांवड़ का गंगाजल उसी गधे को पिला दिया। लोगों ने आश्चर्य से पूछा-"यह जल तो भगवान के अभिषेक के लिए था, आपने इसे एक पशु को क्यों दे दिया?" संत एकनाथ ने शांत स्वर में उत्तर दिया, "जिस भगवान के लिए मैं यह जल ले जा रहा था, वही तो इस प्यासे जीव में भी विराजमान हैं।" यह कथा हमें बताती है कि प्रकृति और जीव-जगत के प्रति करुणा ही सच्ची भक्ति है। इसी प्रकार श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की कथा भी प्रकृति के सम्मान का संदेश देती है। ब्रज में लोग इन्द्र की पूजा करते थे, परंतु श्रीकृष्ण ने समझाया कि हमें उस प्रकृति का सम्मान करना चाहिए जो हमें प्रत्यक्ष जीवन देती है जैसे गो, पर्वत, वन और जल। कृष्ण के कहने पर ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा की। इससे क्रोधित होकर इन्द्र ने भयंकर वर्षा कर दी, परंतु श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर पूरे ब्रज की रक्षा की। यह कथा बताती है कि प्रकृति का सम्मान ही सच्ची पूजा है। गीता भी हमें इसी समदृष्टि की शिक्षा देती है, "विद्या-विनय-सम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि। शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥" (5.18) अर्थात् ज्ञानी व्यक्ति, ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ते और चांडाल सबमें एक ही आत्मा का दर्शन करता है। जब मनुष्य इस समदृष्टि को समझ लेता है, तब वह प्रकृति और जीव-जगत का शोषण नहीं करता, बल्कि संरक्षण करता है।

आज आवश्यकता है कि हम गीता के इस संदेश को केवल ग्रंथों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने दैनिक जीवन में उतारें। जल बचाना, वृक्ष लगाना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना और प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना, ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पंच परिवर्तन इसी दिशा में समाज को प्रेरित करता है कि प्रत्येक नागरिक प्रकृति के संरक्षण को अपना व्यक्तिगत कर्तव्य माने। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद कहते हैं कि गीता का संदेश स्पष्ट है ; मनुष्य प्रकृति का स्वामी नहीं बल्कि उसका संरक्षक है। जब हम प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीते हैं, तब केवल पर्यावरण ही नहीं बचता बल्कि मानव सभ्यता का भविष्य भी सुरक्षित रहता है। आज के पर्यावरण संकट के युग में भगवद्गीता का यह शाश्वत संदेश पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है, "प्रकृति के साथ समरसता ही मानव जीवन की सच्ची प्रगति है।"

( लेखक जीओ गीता के उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वैयक्तिक अहंकार से रुक जाती है प्रगति



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

*-संकलन-कांतिलाल मांडोत*

## गुरु नानक के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैंनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### युद्ध से त्रासदीपूर्ण मानवीय जीवन

दुनिया में किसी भी देश के लिए चाहे वह सत्य के लिए लड़ रहा हो या असत्य के लिए लड़ रहा हो, युद्ध की विभीषिकाएं कभी भी किसी भी देश के मानवीय जीवन के लिए वरदान साबित नहीं हुई हैं। धर्म और अधर्म के नाम पर दुनिया को महाभारत काल में रक्तरंजित कर लाखों शूरवीरों को लीलने वाला कौरव-पांडवों का दिल दहला देने वाला दारुण युद्ध दुनिया के देशों के सामने सबसे बड़ा उदाहरण है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। आज एक बार फिर दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर खड़ी है। दुनिया में रूस-यूक्रेन युद्ध वर्षों से बिना नतीजे के अब तक जारी है और हाल ही में डेढ़ सप्ताह से ईरान-इजराइल और अमेरिकी युद्ध छिड़ जाने से एक बार फिर तीसरे महायुद्ध के बादल मंडराने लग गए हैं। युद्ध की विभीषिका से मध्यपूर्व के देशों की हालत बेहद खराब हो रही है।

*- सुदेश कुमारी, हिसार*

## ट्रेंड

### स्व-गणना प्रपत्र



जनगणना के पहले चरण के अंतर्गत, शुरू हो रही 'हाउस लिस्टिंग' प्रक्रिया के तहत, मैंने स्व-गणना प्रपत्र भरा। यह प्रक्रिया भारत के विकास पथ को गति देने और यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी कि सरकारी योजनाएं प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुंचें।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### भारतीयों की रक्षा



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हम अपने नागरिकों की रक्षा और सुरक्षा के लिए हर कदम उठाने में न केवल सक्षम हैं, बल्कि तैयार भी हैं। साथ ही, भारत किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने में सक्षम है

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### नवाचार समावेशी



जब नवाचार समावेशी होता है, तो उसके सबसे बड़े लाभार्थी उसके नेतृत्वकर्ता बनते हैं। भारत की महिलाएं इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। भारत में महिलाओं द्वारा दायर पेटेंट की संख्या सालाना 100 से बढ़कर 5,000 से अधिक हो चुकी है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### ममता ही जीतेंगी



भाजपा बंगाल में चाहे कितने घपले कर ले पर वो वहां पक्का हारेगी। ममता दीदी की लोकप्रियता और जनसेवा के आगे भाजपाई सिर्फ़ बुरी हार से बचने का ही प्रबंध कर सकते हैं, और कुछ नहीं।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

### अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने दीपावली को मान्यता दी



अमेरिका के नेब्रास्का राज्य की विधायिका ने दीपावली उत्सव को मान्यता देने वाला एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसे सिएटल स्थित भारतीय मिशन ने राज्य के हिंदू समुदाय के लिए एक ' 'ऐतिहासिक' कदम बताया है। यह प्रस्ताव राज्य सीनेटर जॉन फ्रेडरिकसन द्वारा प्रायोजित किया गया था और 31 मार्च को स्पीकर जॉन आर्च ने इस पर हस्ताक्षर किए। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा कि इस प्रस्ताव को अपनाया जाना अमेरिका के मध्य पश्चिमी क्षेत्र में भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए एक 'ऐतिहासिक' घटना है और 'कॉर्नहस्कर स्टेट' (नेब्रास्का का आधिकारिक उपनाम) में रहने वाले लगभग 9,000 हिंदुओं के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि फ्रेडरिकसन लंबे समय से हिंदू समुदाय के समर्थक रहे हैं और मंदिरों के कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग लेते रहे हैं। उनके निर्वाचन क्षेत्र में 1993 में स्थापित 'हिंदू टेम्पल ऑफ ओमाहा' स्थित है। इस प्रस्ताव के तहत इस वर्ष 20 अक्टूबर को राज्यपाल जिम पिलेन द्वारा गवर्नर हाउस में भव्य दीपावली समारोह आयोजित करने की भी योजना है। भारतीय मिशन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नेब्रास्का में दीपावली की ऐतिहासिक विधायी मान्यता।

## ऑफ बीट

### 22 मिनट का व्यायाम करेगा स्वास्थ्य जोखिमों को कम




विकसित देशों में लोग प्रतिदिन औसतन नौ से दस घंटे बैठे रहते हैं। चाहे वह कंप्यूटर के सामने समय बिताना हो, ट्रैफिक में फंसना हो, या टीवी के सामने आराम करना हो, हमारा जीवन तेजी से गतिहीन हो गया है। यह चिंताजनक है क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी होती हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं शीघ्र मृत्यु का कारण बन सकती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, दिन में केवल 22 मिनट व्यायाम करने से अत्यधिक गतिहीन जीवन शैली से समय से पहले मौत का खतरा कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक गतिहीन रहते थे, उनमें मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक था (आठ घंटे तक गतिहीन रहने वाले लोगों की तुलना में 38% अधिक जोखिम)। हालाँकि, यह केवल उन लोगों में देखा गया जो प्रतिदिन 22 मिनट से कम मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। इसलिए जिन लोगों ने 22 मिनट से अधिक व्यायाम किया, उनके लिए अब कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं था - यानी, जोखिम आम तौर पर उन लोगों के समान हो गया जो आठ घंटे तक गतिहीन थे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ईरान के खिलाफ लड़ाई लगभग खत्म हम सभी लक्ष्य हासिल करने के करीब

## देश के नाम संबोधन में राष्ट्रपति ट्रंप का दावा


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

*सैन्य कार्रवाई बस कुछ हफ्ते जारी रहेगी*

*बिजली संयंत्रों पर हमले की चेतावनी*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के नाम संबोधन में कहा कि ईरान के खिलाफ यह लड़ाई लगभग खत्म हो चुकी है और अमेरिका अपने सभी लक्ष्यों को हासिल करने के करीब है। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन को बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य में निवेश बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिका और दुनिया को सुरक्षित बनाने के लिए उठाया गया है। ट्रंप ने कहा कि यह सैन्य अभियान एक महीने से ज्यादा समय से चल रहा है और अमेरिका ने पहले ही बड़े खतरे को खत्म कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि हम इस ऑपरेशन में 32 दिनों से हैं और अब कोई बड़ा खतरा नहीं बचा है। अभियान की तेजी को दिखाने के लिए ट्रंप ने प्रथम विश्व युद्ध, द्वितीय विश्व युद्ध, कोरियाई युद्ध, वियतनाम युद्ध और इराक युद्ध का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन युद्धों के मुकाबले ईरान ऑपरेशन बेहद तेज और प्रभावी रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि लड़ाई के इतिहास में किसी दुश्मन को इतने कम समय में इतना बड़ा नुकसान नहीं हुआ। यह सैन्य ताकत और रणनीतिक स्पष्टता का उदाहरण है।

### युद्ध पीड़ितों के सम्मान में पौधे लगाएं: मोजतबा



ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने ईरानी लोगों से अपील की है कि वे अमेरिका-इजराइल हमलों में मारे गए लोगों की स्मृति में पौधे लगाएं और इसे समृद्धि, आशा और दुश्मनों के खिलाफ एक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया का प्रतीक बनाएं। उन्होंने ये बातें ईरान की स्थापना की 47वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कहीं। खामेनेई ने जनता की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि निर्दयी दुश्मन अपनी क्रूरता में कोई सीमा नहीं जानते और उन्होंने अपने हमलों में ईरान की प्रकृति और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने सभी ईरानी शहरों और गांवों के लोगों से अपील की कि वे संबंधित सरकारी संस्थानों के सहयोग से नेचर डे से लेकर 21 जून तक पौधे लगाने का अभियान जारी रखें।


### अमेरिकी जनता के प्रति दोस्ती, नीतियों से है मतभेद



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिकी नागरिकों से सीधे सवाल करते हुए कहा कि क्या यह युद्ध वास्तव में उनके हित में है। उन्होंने एक्स पर चार पन्नों के बड़े संदेश में कई बातें कहीं। पेजेशकियन ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच टकराव और संवाद- दोनों रास्ते खुले हैं, लेकिन यह अमेरिका के लोगों पर निर्भर करता है कि वे किस दिशा को चुनते हैं। पेजेशकियन ने सवाल किया क्या वास्तव में इस युद्ध से अमेरिकी जनता के हित पूरे हो रहे हैं? क्या ईरान की ओर से ऐसा कोई वास्तविक खतरा था, जो इस तरह के कदम को सही ठहराए? ईरानी राष्ट्रपति ने दावा किया कि आधुनिक इतिहास में ईरान ने कभी आक्रामक रुख नहीं अपनाया।


हमले में तबाह ईरान का 100 साल पुराना मेडिकल रिसर्च सेंटर

### ईरान के सलाहकार पर जानलेवा हमला



ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी पर जानलेवा हमला हुआ है, जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और वे खुद गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान में उनके घर पर एयर स्ट्राइक की गई। इस हमले के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसे 'हत्या की कोशिश' बताया गया। खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधे देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है।

### तुरंत सीजफायर लागू हो: चीन



*ईरान युद्ध को लेकर चीन ने सभी पक्षों से तुरंत युद्धविराम की अपील की है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि सैन्य कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। माओ निंग ने कहा कि संघर्ष बढ़ाना किसी के हित में नहीं है और सभी पक्षों को तुरंत सैन्य ऑपरेशन रोक देना चाहिए। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में जारी तनाव की जड़ गैरकानूनी सैन्य कार्रवाई है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। चीन ने चेतावनी दी कि अगर हालात बिगड़ते रहे तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इसलिए सभी देशों को संयम बरतते हुए बातचीत से समाधान निकालना चाहिए।*

### कतर ने पाक से किया किनारा, वीजा ऑन अराइवल सुविधा समाप्त

पश्चिम एशिया संकट के बीच कतर ने पाकिस्तानियों को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। इस युद्ध में मध्यस्थता के लिए मचल रहे पाकिस्तान के लोगों के लिए वीजा ऑन अराइवल की सुविधा दी हुई थी, उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कतर में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है कि कतर आने की सोच रहे पाकिस्तानी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय वीजा ऑन अराइवल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। असुविधा से बचने के लिए यात्रा से पहले उपयुक्त वीजा हासिल कर लें।



### इजराइल की गलती से अमेरिका जंग में कूदा: बघाई



ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि इजराइल की गलत कैलकुलेशन और उकसावे की वजह से अमेरिका इस युद्ध में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि अब दुनिया में कोई भी अमेरिका की कूटनीति पर भरोसा नहीं करता। अमेरिका बातचीत और समझौते का इस्तेमाल सिर्फ अपनी शर्तें थोपने या फिर ताकत इस्तेमाल करने के लिए करता है। बघाई ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह स्वस्थ हैं। वे युद्ध की वजह से सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आ रहे हैं। उन्होंने यह भी साफ किया कि ईरान की जनता अब अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत या समझौते के पक्ष में नहीं है, क्योंकि पहले भी अमेरिका ने बातचीत के बाद दबाव बनाने की कोशिश की थी।

### न्यूक्लियर खतरे पर दोहराया रुख

ट्रंप ने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए यह जंग जरूरी है। ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका उनके बिजली उत्पादन संयंत्रों पर बड़े पैमाने पर हमले कर सकता है। उन्होंने आने वाले हफ्तों में ईरान के खिलाफ हमले और तेज करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये सैन्य कार्रवाई अभी कुछ हफ्तों तक जारी रहेगी और अमेरिका जल्द ही और जोरदार हमले करेगा।

### तेहरान-कराज ब्रिज पर अमेरिका का हमला, कई घायल


ईरान की राजधानी तेहरान को कराज शहर से जोड़ने वाले बड़े पुल पर हमला किया गया। यह पुल मिडिल ईस्ट के सबसे ऊंचे पुलों में से एक माना जाता है। इस हमले में कई लोग घायल हो गए। इसके अलावा कराज के अन्य इलाकों पर भी हमले हुए।

### ईरान में पुराने मेडिकल रिसर्च सेंटर पर हमला


ईरान की राजधानी तेहरान में 100 साल पुराने मेडिकल रिसर्च सेंटर पर हमला हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 'पाश्चर इंस्टीट्यूट ऑफ ईरान' को निशाना बनाया गया, जिससे इमारत को गंभीर नुकसान पहुंचा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केरमनपोर ने इसे वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान 1920 में स्थापित हुआ था और देश के मेडिकल रिसर्च और दवा विकास में इसकी अहम भूमिका रही है।

### लेबनान के जेबदीन इलाके में इजराइली सेना का हमला


लेबनान के जेबदीन इलाके में इजराइल की एयरस्ट्राइक में कई रिहायशी घर जमींदोज हो गए। हमले के बाद इलाके में भारी तबाही का मंजर देखने को मिला। हमले में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया, जिससे इमारतें ढह गईं और मलबा चारों तरफ फैल गया। घटना के बाद स्थानीय बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया गया।

## खबर संक्षेप


### हाइब्रिड डिजिटल तकनीक से नया चेहरा

**चंडीगढ़।** पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टरों और पंजाब यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने हाइब्रिड डिजिटल तकनीक के जरिए एक गंभीर रूप से घायल युवती का चेहरा पुनर्निर्मित कर उसे नई जिंदगी दी है। करीब 30 वर्षीय युवती चारे काटने वाली मशीन के हादसे में अपने चेहरे का बड़ा हिस्सा खो बैठी थी। दुर्घटना में उसके चेहरे के दाहिने हिस्से की हड्डी, आंख, गाल, ऊपरी होंठ और नाक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे।



### सिंगापुर में बनाया जाएगा नया हिंदू मंदिर

**नई दिल्ली।** सिंगापुर में श्री गुरुवायूरप्पन अय्यप्पन मंदिर निर्माण इस साल अगस्त या सितंबर में शुरू होगा और यह भगवान कृष्ण एवं अय्यप्पा को समर्पित होगा। केरल शैली में बनने वाला यह मंदिर सिंगापुर में रहने वाले भारतीय समुदाय, खासकर मलयाली श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक केंद्र बनेगा। सरकार ने एक नए हिंदू मंदिर के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है।



### युगांडा में चार बच्चों की नृशंस हत्या की

**कंपाला।** युगांडा की राजधानी कंपाला में एक व्यक्ति ने एक नर्सरी स्कूल के अंदर धारदार हथियार से हमला करके चार बच्चों की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति ने कंपाला में 'गाबा अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट प्रोग्राम' में प्रवेश किया और धारदार हथियार से कई बच्चों पर हमला कर दिया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को चेतावनी


# 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर अडिग भारत जरूरत पर सरहद पार करेंगे कार्रवाई

ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी उकसावे पर देंगे प्रतिक्रिया

'वन रैंक वन पेंशन' लागू करना सरकार की बड़ी उपलब्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तिरुवनंतपुरम में आयोजित 'सैनिक सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहा है और जरूरत पड़ने पर सरहद के दोनों ओर कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा कि उरी अटैक के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा अटैक के बाद एयर स्ट्राइक और हालिया पहलगाम घटना के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया गया। पहलगाम घटना के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान को महज 22 मिनट में करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन अभी भी जारी है और किसी भी उकसावे पर कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी।


तिरुवनंतपुरम में 'सैनिक सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते राजनाथ

### समुद्री शक्ति बढ़ाने पर जोर

राजनाथ सिंह ने कहा कि बदलते समय में समुद्री क्षेत्र की अहमियत बढ़ी है और भारत 2047 तक अपनी नौसेना को दुनिया की सबसे मजबूत ताकतों में शामिल करना चाहता है। कोचीन शिपयार्ड में बने स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सैनिक और पूर्व सैनिक देश की मजबूत नींव हैं और उनकी देखभाल सरकार का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने 'वन रैंक वन पेंशन' लागू करने को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

### रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपए पर पहुंचा

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है, जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। यह पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपए के आंकड़े से 14,802 करोड़ रुपए (62.66 प्रतिशत) की भारी वृद्धि दर्शाता है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) और निजी क्षेत्र का योगदान क्रमशः 54.84 प्रतिशत और 45.16 प्रतिशत रहा है। यह रिकॉर्ड उच्च आंकड़ा पिछले पांच वर्षों में लगभग तीन गुना वृद्धि दर्शाता है।

### मेजर उन्नीकृष्णन को याद किया

रक्षा मंत्री ने कहा कि देशभर में वॉर मेमोरियल बनाए जा रहे हैं ताकि नई पीढ़ी को सैनिकों के बलिदान और देशभक्ति की प्रेरणा मिल सके। उन्होंने मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के बलिदान को याद करते हुए कहा कि 'मुंबई टेरर अटैक' के दौरान उनका साहस देश के लिए प्रेरणा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत रक्षा उपकरणों का वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में भारत रक्षा निर्यात में प्रभावशाली सफलता की कहानी लिख रहा है। उन्होंने भारतीय रक्षा निर्यातकों और अन्य सभी हितधारकों के इस अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना की है।

## भारत-रूस रिश्तों को मिलेगी नई धार

# दिल्ली पहुंचे रूसी डिप्टी पीएम मंटुरोव रक्षा, ऊर्जा क्षेत्र पर होगी द्विपक्षीय चर्चा


रूस के डेनिस मंटुरोव का स्वागत करते हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव रक्षा, ऊर्जा, व्यापार और अन्य द्विपक्षीय मुद्दों पर उच्च स्तरीय चर्चा के लिए गुरुवार तड़के नई दिल्ली पहुंचे। पालम हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा कि रूसी संघ के प्रथम उपाध्यक्ष और भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग (व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी एवं सांस्कृतिक सहयोग) के सह-अध्यक्ष डेनिस मंटुरोव का नई दिल्ली में हार्दिक स्वागत है। यात्रा के दौरान वे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से परामर्श करेंगे और अन्य द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगे। भारत में मंटुरोव की बैठकों में दौरान पश्चिम एशिया संघर्ष के व्यापक आर्थिक प्रभाव, खासकर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में संभावित व्यवधान और दोनों देशों पर उसके असर पर भी चर्चा होने की उम्मीद है।

### द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर

अधिकारियों के अनुसार, इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम भी चर्चा का प्रमुख विषय रह सकते हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मंटुरोव अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर फोकस रहेगा। इससे पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी और रूसी उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको ने 30 मार्च को नई दिल्ली में विदेश कार्यालय परामर्श की सह-अध्यक्षता की थी। इस दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और क्षेत्रीय व वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार-विमर्श किया।

## पाकिस्तान में हिंदुओं की आस्था पर हमला

# कराची में कृष्ण भगवान व गोपियों की 89 साल पुरानी मूर्तियां खंडित की गईं

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में एक बार फिर अल्पसंख्यक हिंदुओं की आस्था पर हमला हुआ है। पाकिस्तान के पंजाब सूबे के बहावलपुर जिले के अल्पसंख्यक अधिकार संगठन के चेयरमैन शिव काछी ने 'एक्स' पर लिखा कि कराची में एमए जिन्ना रोड पर स्थित 1937 में बनाई गई ऐतिहासिक 'सगन मैसन' इमारत की दीवारों पर बनी हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां खंडित की गई हैं। उन्होंने इसे पाकिस्तान की बहुसांस्कृतिक विरासत, धार्मिक सद्भाव और अल्पसंख्यक समुदायों की भावनाओं पर किया गया हमला बताया। कहा कि अल्पसंख्यकों में भारी नाराजगी है, लेकिन पाकिस्तान की इस्लामी हुकूमत ने इस पर चुप्पी साध रखी है।



उन्होंने कहा कि हम इस शर्मनाक हरकत की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने पाकिस्तान के शीर्ष राजनेताओं को टैग करते हुए लिखा कि हम मांग करते हैं कि संबंधित अधिकारी इस मामले का तत्काल संज्ञान लें। दोषियों को बिना किसी देरी के गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए।

## करीब 54 साल बाद इंसान एक बार फिर चांद की दिशा में कदम बढ़ा रहा

# नासा का आर्टेमिस-II मिशन लॉन्च, 10 दिन तक चंद्रमा की परिक्रमा करेगा

## पृथ्वी से करीब 4.06 लाख किमी दूर तक जाएंगे अंतरिक्ष यात्री

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

करीब 54 साल बाद इंसान एक बार फिर चांद की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का पहला मानव मिशन आर्टेमिस-II भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 4:05 बजे फ्लोरिडा से सफलतापूर्वक लॉन्च हुआ।

इस मिशन में क्रिस्टीना कोच, विक्टर ग्लोवर, रीड वाइसमैन और जेरेमी हैनसेन सवार हैं, जिन्हें एसएलएस रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया। यह 10 दिन की यात्रा अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से करीब 4.06 लाख किलोमीटर दूर तक ले जाएगी, जो अब तक की सबसे लंबी मानव अंतरिक्ष यात्रा मानी जा रही है।


फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से ओरियन स्पेसक्राफ्ट से लॉन्चिंग

### चांद के करीब तक जाएंगे, उतरेंगे नहीं

आर्टेमिस-II मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्री चांद के करीब तक जाएंगे, लेकिन वहां उतरेंगे नहीं। यह एक परीक्षण मिशन है, जिसका उद्देश्य भविष्य के चंद्र अभियानों के लिए जरूरी तकनीक और क्षमताओं को परखना है। पूरा मिशन करीब 10 दिनों में पूरा होगा और अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की परिक्रमा कर सुरक्षित पृथ्वी पर लौटेंगे। नासा ने लॉन्च से पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लोगों को इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने का न्योता दिया है। एजेंसी ने कहा कि यह मिशन इंसानों को चांद और आगे मंगल ग्रह तक बसाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### पृथ्वी की सुरक्षा सीमा से बाहर करेंगे परीक्षण

नासा के आर्टेमिस-II मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी की सुरक्षा सीमा से बाहर जाकर कॉस्मिक रेडिएशन और अंतरिक्षीय परिस्थितियों का सामना करेंगे, जहां उनके शरीर में होने वाले हर बदलाव को रिकॉर्ड किया जाएगा। 1972 के बाद पहली बार इंसान पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से बाहर जाएगा और यह दूरी अब तक की किसी भी मानव अंतरिक्ष यात्रा से अधिक हो सकती है।

### चिप से शरीर में बदलावों का करेंगे विश्लेषण

इस मिशन का सबसे उन्नत प्रयोग ऑर्गन ऑन-ए-चिप तकनीक है। प्रत्येक अंतरिक्ष यात्री के रक्त से प्राप्त कोशिकाओं को माइक्रोचिप पर विकसित किया जाएगा। एक चिप अंतरिक्ष में जाएगी और दूसरी पृथ्वी पर रहेगी। मिशन के बाद तुलना कर यह देखा जाएगा कि डीएनए डैमेज, टेलीमीयर लंबाई और अन्ने जैविक संकेतकों में कितना अंतर आया। यह पहली बार होगा जब ऐसो प्रयोग लो-अर्थ ऑर्बिट से बाहर किया जा रहा है।



# अक्षय की भूत बंगला 16 अप्रैल को होगी रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की मच अवेटेड फिल्म 'भूत बंगला'को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं और फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन, अब भूत बंगला के फैंस का ये इंतजार और भी लंबा होने वाला, क्योंकि मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव कर दिया है। अब गुरुवार 16 मार्च रात 9 बजे से भूत बंगल'के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी। फिल्म की रिलीज आगे बढ़ने की आशंकाएं पहले ही लगाई जा रही थीं। अब मेकर्स ने साफ कर दिया है कि भूत बंगला 10 अप्रैल को रिलीज नहीं हो रही है।

लाइफ Style



# नयनतारा

## पैन इंडिया फिल्म के लिए मिले 10 करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नयनतारा और सलमान खान पहली बार साथ काम करने जा रहे हैं। नयतारा दूसरी बार किसी बॉलीवुड सुपरस्टार संग काम कर रही हैं। इस फिल्म के लिए नयनतारा ने 10 करोड़ रुपए फीस ली है। जबकि, सलमान ने इसके लिए कोई फीस नहीं ली है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान फीस नहीं बल्कि फिल्म से प्रॉफिट शेयर लेंगे। शाहरुख खान के साथ जवान जैसी ब्लॉकबस्टर देने के बाद नयनतारा अब सलमान खान के साथ नजर आएंगी। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसे साउथ के सबसे प्रोड्यूसर में से एक दिल राजू प्रोड्यूस कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म की कहानी और बाकी कलाकारों के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। सलमान इस फिल्म में काम तो करेंगे, लेकिन इसकी कोई फीस नहीं ले रहे हैं। हालांकि, उन्होंने फिल्म का प्रॉफिट शेयरिंग का तरीका चुना है।रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान इस प्रोजेक्ट के लिए सामान्य फीस नहीं ले रहे हैं। इसके बजाय उन्होंने प्रॉफिट शेयरिंग का तरीका चुना है। इसका मतलब है कि सलमान की कमाई फिल्म के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। हालांकि, रिपोर्ट में सलमान के प्रॉफिट शेयर का प्रतिशत नहीं बताया गया है। वहीं, रिपोर्ट के अनुसार नयनतारा को इस फिल्म के लिए 10 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। हालांकि, इस जानकारी को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 30 मार्च को सलमान खान ने फिल्ममेकर वामशी पेडिपल्ली के साथ एक फोटो शेयर की थी।

हॉलीवुड मसाला

# थोड़ी देर के लिए गायब हो जाऊंगी



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया की पॉपुलर सीरीज यूफोरिया के सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। एक इंटरव्यू के दौरान, जहां वह अपने को-स्टार रॉबर्ट पैटिनसन के साथ बात कर रही थीं, जेंडाया ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मुझे बस उम्मीद है कि लोग मुझसे बोर नहीं होंगे।' उन्होंने अपने फैंस का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें हर तरह के सपोर्ट के लिए वह बेहद आभारी हैं। जेंडाया ने आगे कहा, 'इस साल के बाद मैं थोड़ी देर के लिए गायब हो जाऊंगी।



# सिनेमाघरों में प्रोजेक्ट हेल मेरी मचा रही धूम

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता के बीच हॉलीवुड फिल्म 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' भी सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' दुनियाभर में 20 मार्च को रिलीज हुई थी, वहीं इसको भारत में 26 मार्च को रिलीज किया गया था। 'धुरंधर 2' की सफलता के बीच इस फिल्म को भी दर्शकों से अच्छा प्यार मिल रहा है। हालांकि, 'धुरंधर 2' की वजह से इस फिल्म को भारत में कम शोज भी मिले हैं। 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' ने गुरुवार को भारत में अपने बॉक्स ऑफिस सफर की शुरुआत की। इस दिन इसे सिर्फ 1324 शोज मिले। वहीं, शुक्रवार को इसके शोज की संख्या बढ़कर 1598 हो गई। फिल्म का भारत में कुल नेट कलेक्शन भी अब तक 22.20 करोड़ रुपए हो चुका है।



# एयरपोर्ट से रश्मिका का लुक हुआ वायरल

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना का एयरपोर्ट लुक सामने आया है। पीले रंग के टॉप और डेनिम जींस रश्मिका का स्टाइलिश लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। लेकिन, इस दौरान रश्मिका अकेले ही नजर आईं। जिस पर फैंस उनसे विजय देवरकोंडा के बारे में पूछ रहे हैं। अपनी शादी के बाद रश्मिका मंदाना गुरुवार को फिर से एयरपोर्ट पर नजर आईं। इस दौरान रश्मिका ने हल्के पीले रंग के रिब्ड क्रॉप टॉप में अपने लुक को ब्राइट बनाया। उन्होंने अपने टॉप को हाई-वेस्ट को वाइड-लेग ब्लू जींस के साथ पेयर किया। रश्मिका का यह कूल और कैजुअल लुक काफी सिंपल होने के साथ ही स्टाइलिश भी है। एयरपोर्ट लुक बिना सनग्लासेस के अधूरा है, और रश्मिका ने इसे बखूबी अपनाया। उन्होंने अपने इस आउटफिट के साथ चमकीले मैरून रंग के जूते पहने।



# ऐतिहासिक घटनाओं पर आखिरी सवाल...

**मुंबई।** संजय दत्त की आगामी फिल्म 'आखिरी सवाल' का भी टीजर गुरुवार रिलीज हो गया है। ये टीजर देश के इतिहास में घटी कई घटनाओं का जिक्र करते हुए कई सवाल उठाती है। इसके साथ ही फिल्म की कहानी के बारे में भी हिंट मिलती है। अभिजीत मोहन वारंग द्वारा निर्देशित 'आखिरी सवाल' 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण निखिल नंदा और संजय दत्त ने किया है, जबकि पुनीत नंदा, डॉ. दीपक सिंह, गौरव दुबे और उज्ज्वल आनंद फिल्म के सह-निर्माता हैं। 1 मिनट 52 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत संजय दत्त के वॉइस ओवर से होती है। इसमें वो द्रौपदी के पिता द्रुपद के बारे में बताते हैं। कैसे उन्होंने गुरु द्रोणाचार्य से अपने अपमान का बदला लेने के लिए अपने पुत्र धृष्टद्युम्न को द्रोणाचार्य से शिक्षा लेने के लिए भेजा।

टीवी मसाला



# कृष्णा अभिषेक ने उड़ाया डायरेक्टर अनुराग के रेट कार्ड का मजाक

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी फिल्म नहीं बल्कि, उनका एक अनोखा रेट कार्ड है, जिसने सबको चौंका भी दिया और हंसा भी दिया। ये मजेदार खुलासा शो लाफ्टर शेफ्स, अनलिमिटेड एंटरटेंटमेंट के एक प्रोमो में हुआ, जहां कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक ने ऑन एयर अनुराग कश्यप की सोशल मीडिया पोस्ट पढ़कर सुनाई। जैसे ही उन्होंने इस रेट कार्ड का जिक्र किया, पूरा माहौल हल्का-फुल्का और मजेदार बन गया और सेट पर बैठे सभी सेलेब्रिटीज हंसी नहीं रोक पाए। कृष्णा जैसे ही पढ़ते हैं कि 10 से 15 मिनट की मुलाकात के लिए 1 लाख रुपए, आधे घंटे के लिए 2 लाख और एक घंटे के लिए 5 लाख रुपए देने होंगे, तो वहां मौजूद सभी लोग ठहाके लगाने लगते हैं। ये रेट कार्ड असल में अनुराग कश्यप की उस पोस्ट का हिस्सा था, जिसमें उन्होंने बताया था कि नए लोगों की मदद करते-करते उनके अनुभव ज्यादा अच्छे नहीं रहे। इसलिए अब उन्होंने मिलने के लिए फीस तय कर दी है। पोस्ट पढ़ने के बाद कृष्णा अभिषेक ने अपने अंदाज में मजाक करते हुए पूछा कि ऐसा लिखने के लिए नीट पीनी पड़ती है या सोडा के साथ। इस पर अनुराग कश्यप ने मुस्कुराते हुए सिर्फ एक शब्द में जवाब दिया, 'फ्रस्ट्रेशन। उनका ये जवाब सुनते ही सेट पर फिर से हंसी का दौर शुरू हो गया और माहौल और भी मजेदार हो गया।

## क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 का बोलबाला

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 11वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली थी। 12वें हफ्ते भी इसने अपनी टीआरपी को बरकरार रखा है। 2.0 की टीआरपी के साथ यह लिस्ट में पहले स्थान पर है।



सीरियल में इन दिनों कई ट्विस्ट आ रहे हैं। तुलसी के सामने ही मिहिर, नोयना से शादी कर रहा है। क्या इस शादी को तुलसी रोक पाएगी, यही जानने के लिए दर्शक एक्साइटेड हैं। 12वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में शरद केलकर के सीरियल 'तुम से तुम तक'ने एंट्री ली है। इसे 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक रोमांटिक ड्रामा है। इस सीरियल के जरिए शरद केलकर ने लंबे वक्त के बाद टीवी पर वापसी की है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का स्पीन ऑफ सीरियल 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं'हाल ही में शुरू हुआ है। इस सीरियल को ग्यारहवें हफ्ते में 1.9 की टीआरपी साथ लिस्ट में दूसरा स्थान मिला था। लेकिन 12वें हफ्ते में इसे 1.8 की टीआरपी मिली है और यह लिस्ट में तीसरे नंबर पर है।

# राजकुमार ने शुरू की दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी की शूटिंग


**मुंबई।** राजकुमार राव ने हाल ही में अपनी फिल्म टोस्टर की अनाउंसमेंट की थी, जो नेटफ्लिक्स पर 15 अप्रैल को रिलीज होगी। अब उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की।



बता दें कि एक्टर 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' फिल्म की शूटिंग की शुरुआत कर चुके हैं, जो पूर्व क्रिकेटर सौरभ गांगुली पर आधारित होगी। उन्होंने पोस्ट शेयर कर कैप्शन दिया- और अब इसकी शुरुआत हो चुकी है। फिल्म को लव फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। पोस्ट शेयर करने के बाद बॉलीवुड सेलेब्स ने भी एक्टर को उनके प्रोजेक्ट के लिए शुभकामनाएं दी हैं। फराह खान, नेहा धूपिया और सचेत टंडन ने पोस्ट पर 'ऑल द बेस्ट' कमेंट किया। वहीं ऋत्विक साहोरे, अपारशक्ति खुराना और ईशा अग्रवाल ने भी एक्टर की पोस्ट पर कमेंट कर बधाई दी। बता दें कि फिल्म को विक्रमादित्य मोटवानी डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म पूर्व क्रिकेटर सौरभ गांगुली, जिन्हें 'दादा' के नाम से जाना जाता है, उनके जीवन और उनके क्रिकेटिंग कॅरियर पर आधारित होगी। इस मूवी पर काफी समय से काम चल रहा था, और इसके लिए राजकुमार राव ने वजन भी घटाया है। हालांकि, अभी तक फिल्म की अन्य कास्ट और इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई अपडेट सामने नहीं आया है। बता दें कि राजकुमार राव फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# राम के रूप में रणबीर का लुक आया सामने

**मुंबई।** हनुमान चालीसा की इस प्रसिद्ध पंक्ति में प्रभु श्रीराम और भक्त हनुमान के अटूट प्रेम को दर्शाया गया है। राम भक्ति का दूसरा नाम ही हनुमान हैं। साल 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का टीजर गुरुवार को रिलीज हो गया है। टीजर में राम के रूप में रणबीर कपूर का लुक सामने आया है। यूट्यूब पर टीजर के रिलीज होने के बाद दर्शकों ने इसे प्यार दिया है। इस पर फैंस के साथ-साथ सेलेब्स ने भी रिएक्शन दिए हैं। 'रामायण' के टीजर में रणबीर कपूर की पहली झलक दिखाई गई है। पहले उनके महल में रहने वाले दृश्यों को दिखाया गया है। इसके बाद उनके वनवास की झलक दिखाई गई है। वनवास में किस तरह संघर्ष करते हैं, यह भी दिखा है। उनके साथ सीता और लक्ष्मण की भी झलक दिखी है। टीजर के आखिर में रावण के रूप में यश की झलक दिखी



है। इसके साथ रावण के पुष्पक विमान को भी दिखाया गया है। 'रामायण' का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। इसके निर्माता नमित मल्होत्रा हैं। यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। इसका पहला हिस्सा 2026 में दिवाली पर रिलीज होगा। दूसरा हिस्सा दिवाली 2027 में रिलीज होने की उम्मीद है। इसमें रणबीर कपूर, साई पल्लवी, सनी देओल, रवि दुबे और यश भी नजर आएंगे। रणबीर कपूर से पहले भी कई अभिनेता हनुमान के आराध्य प्रभु श्रीराम की भूमिका बड़े और छोटे पर्दे पर निभा चुके हैं।

## वाल्मीकि रामायण का पोस्टर रिलीज


**मुंबई।** हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर गुरुवार को 'वाल्मीकि रामायण' का पहला पोस्टर जारी किया गया है। फिल्म के इस भक्तिमय पोस्टर में प्रभु राम के साथ भक्त हनुमान की झलक दिखाई गई है। राम हनुमान को आशीर्वाद दे रहे हैं और हनुमान भगवान राम के चरणों के सामने हाथ जोड़े बैठे हैं। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दासोहम' (दासोऽहं)। (दासोऽहम्) का अर्थ है 'मैं सेवक/दास हूं' 'दासोहम' (दास + अहम्), जो हनुमान जी द्वारा प्रभु श्री राम के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह एक संस्कृत वाक्यांश है, जो 'दासोहं कोसलेन्द्रस्य रामस्याक्लिष्टकर्मण' श्लोक से आया है, जिसका अर्थ है कि मैं कौशलराज श्री राम का दास हूं। यह दास्य भक्ति का प्रतीक है। फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' का निर्देशन भावना तलवार ने किया है। यह फिल्म 02 अक्टूबर को रिलीज होगी।




## 30 साल तक रोज 4 बजे देखने जाता था फिल्म, मौत के बाद भी खाली रही सीट

# वो एक्ट्रेस, जिनकी फिल्मों के साथ हुआ उनके फैन का अंत

**नई दिल्ली।** हाल ही में पूजा भट्ट के पॉडकास्ट में मशहूर सिनेमेटोग्राफर हेमंत चतुर्वेदी ने मीना कुमारी के एक ऐसे फैन की अनोखी कहानी सुनाई, जिसकी सीट सिनेमाघर के आखिरी दिनों तक रिजर्व थी। पूजा ने दोनों की बातचीत की ऑडियो क्लिप अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की। इसमें हेमंत बताते हैं कि वह आदमी मीना कुमारी का इतना बड़ा फैन था कि सिर्फ मीना कुमारी की फिल्म देखने के लिए सिनेमाघर में उसकी सीट बुक रहती थी। हेमंत ने बताया, 'जब मैं अपने करियर की शुरुआत में था, तो मध्य महाराष्ट्र के एक पुराने सिनेमाघर में काम के सिलसिले में गया था। वहां के मालिक ने मुझे एक बुजुर्ग दर्शक की कहानी सुनाई, जो मीना कुमारी के बेहद बड़े फैन थे।'



*भारतीय सिनेमा की 'ट्रैजेडी क्वीन' मीना कुमारी ने अपनी खूबसूरती, अदाकारी को पर्दे पर इस कदर बिखेरा कि इसने हजारों फैंस के दिल को छुआ। प्यार और अपनेपन की तलाश में भटकती इस अदाकारा की कशिश का आलम ऐसा था कि हर कोई उनकी खूबसूरती का कायल था। वहीं, एक प्रशंसक ऐसा भी था जिसकी दीवानगी का अंत उनकी फिल्मों के साथ ही हुआ।*

### किसी और को नहीं दी गई सीट

उन्होंने आगे बताया कि इसके बाद से सिनेमाघर वालों ने फैसला किया कि उस सीट को कभी किसी और को नहीं देंगे। जब तक थिएटर बंद नहीं हुआ, उस बी-14 नंबर की सीट को हमेशा रिजर्व रखा गया। यह सीट उनके सबसे पसंदीदा दर्शक के सम्मान और पुरानी यादों के प्रतीक के रूप में खाली रखी गई। यह कहानी सिर्फ एक कलाकार की नहीं, बल्कि उस रूहानी जुड़ाव की है जिसने सिनेमाई पर्दे और असल जिंदगी की सीमा को मिटा दिया था।

### मीना कुमारी का जबरा फैन

सिनेमाघर के मालिक ने हेमंत को बताया था, 'मेरे पिता मुझे बताया करते थे कि 1940 के दशक में बने इस थिएटर में एक बुजुर्ग सज्जन रोज शाम के चार बजे वाले शो में आते थे। वे मीना कुमारी की कोई भी फिल्म हो, उसी फिल्म को बार-बार देखते थे। चाहे फिल्म एक हफ्ते चले, दो हफ्ते चले, 21 हफ्ते या फिर 25 हफ्ते तक चले, वे हर रोज उसी सीट पर बैठकर पूरी फिल्म देखते थे। उनकी दीवानगी इतनी थी कि सिनेमाघर वाले उनके लिए हमेशा वह सीट पहले से रिजर्व रखते थे। यह सिलसिला करीब 25 से 30 साल तक लगातार चलता रहा। बुजुर्ग सज्जन मीना कुमारी की हर नई रिलीज फिल्म को उसी उत्साह से देखने आते थे।' उन्होंने बताया, जब मीना कुमारी की आखिरी फिल्में रिलीज हो रही थीं, तब भी सिनेमाघर वालों ने उनके लिए वही सीट रिजर्व रखी, लेकिन उस दिन शाम चार बजे वे नहीं आए। अगले दिन भी उनका इंतजार किया गया, फिर भी वे नहीं पहुंचे। चिंता होने पर सिनेमाघर से किसी व्यक्ति को उनके घर भेजा गया। वहां जाकर पता चला कि बुजुर्ग सज्जन का देहांत हो चुका है।

## मुकाबला आज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रात 7:30 बजे से

# पंजाब किंग्स आत्मविश्वास से भरपूर सीएसके को पहली जीत की दरकार

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 7वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना पंजाब किंग्स से आज 3 अप्रैल को एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। सीएसके को अपने पहले मैच में हार मिली थी, जबकि पंजाब किंग्स ने अपने शुरुआती मैच में जीत दर्ज की थी जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ।

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

ऐसे में रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली सीएसके अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगी वहीं पंजाब किंग्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखने जी-तोड़ कोशिश करेगी। मुकाबला आज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा।

### बराबरी का रहा है मुकाबला

अब तक दोनों टीमों के बीच मैचों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। आईपीएल में ये दोनों टीमें कुल 32 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 16 मैच सीएसके ने जीते और 16 ही मैच पंजाब किंग्स ने अपने नाम किए। आईपीएल 2025 की दोनों भिड़ंत में पंजाब किंग्स ने जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2024 में दोनों टीमें 2 मुकाबलों में आपस में भिड़ी थी, जिसमें दोनों ने 1-1 मैच अपने नाम किए थे। सीएसके को अपने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 8 विकेट से हार मिली थी। गुवाहटी में खेले गए उस मैच में सीएसके की टीम सिर्फ 127 रन पर सिमट गई थी। ऐसे में सीएसके अपने अगले मैच में बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।




### एमए चिदंबरम स्टेडियम की पिच का मिजाज

चेन्नई की पिच लाल मिट्टी से बनी है जो आमतौर पर स्पिनरों को मदद करती है। हालांकि, शुरुआती कुछ ओवरों में तेज गेंदबाजों को फायदा मिलता है। यहां की विकेट अमूमन सूखी और सख्त होती है जो मैच आगे बढ़ने के साथ और खराब होती जाती है। बल्लेबाजों को बड़े-बड़े शॉट्स लगाने के लिए नजरें जमाने होती है। हाउस्टेट के मुताबिक, आईपीएल में यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 163 रन है।

### धोनी जल्द कर सकते हैं वापसी, करने लगे प्रेक्टिस



**मुंबई।** महेंद्र सिंह धोनी की ट्रेनिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपरकिंग्स टीम में उनकी जल्दी वापसी को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। धोनी चोट के कारण शुरुआती 2 हफ्तों से टूर्नामेंट से बाहर हैं। सीएसके ने बताया था कि वह रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और शुरुआती 4 मैच नहीं खेलेंगे, लेकिन नए वीडियो ने उनकी जल्दी वापसी की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। बता दें कि आईपीएल 2026 में सीएसके की शुरुआत निराशाजनक रही है। टीम को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पहले खेलते हुए 5 बार की चैंपियन टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 127 रन पर सिमट गई और मैच हार गई।

#### 2023 में भी लगी थी चोट

धोनी हाल के समय में चोटों से परेशान रहे हैं, जिसमें 2023 में सीएसके के खिताब जीतने के दौरान लगी चोट भी शामिल है। इसके बावजूद उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उस पूरे सीजन में घुटने पर पट्टी बांधकर खेलने के बाद उन्होंने सर्जरी करवाई थी। पिछले साल उन्होंने सीएसके के लिए सभी 14 मैच खेले और 135.17 की स्ट्राइक रेट से 196 रन बनाए थे।

## अभी तक चैंपियन नहीं बन पाई पंजाब, दिल्ली और लखनऊ



एजेंसी ▸▸ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में कई टीमें मैदान पर उतरीं, कुछ ने खिताब अपने नाम किया तो कुछ करीब आकर चूक गईं। इन टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, कई यादगार मुकाबले खेले, लेकिन ट्रॉफी अब तक उनसे दूर ही रही। हर संस्करण में ये टीमें नई उम्मीदों के साथ उतरती हैं, लेकिन किस्मत उनका साथ नहीं देती। ऐसे में आइए उन टीमों पर नजर डालते हैं जो अब तक इस टूर्नामेंट में चैंपियन नहीं बन पाई हैं।

#### ये टीमें खिताब जीतने में रही हैं सफल

मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल में सबसे ज्यादा 5-5 बार ट्रॉफी जीती है। वहीं, केकेआर 3 बार चैंपियन बनी है। आरआर, डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, जीटी और आरसीबी 1-1 बार चैंपियन बनने में सफल हो पाई है।

#### दिल्ली कैपिटल्स

दिल्ली की टीम भी ये टूर्नामेंट पहले संस्करण (2008) से खेल रही है। पहले इस फ्रेंचाइजी का नाम दिल्ली डेयरडेविल्स था। अब इस टीम को दिल्ली कैपिटल्स के नाम से जानते हैं। ये भी टीम अभी तक एक बार भी ट्रॉफी उठा नहीं पाई है। डीसी सिर्फ एक बार आईपीएल 2020 में फाइनल खेली थी। जहां उसे मुंबई इंडियंस के खिलाफ 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

#### पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले संस्करण से ये टूर्नामेंट खेल रही पंजाब किंग्स एक बार भी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। पहले इस टीम का नाम किंग्स इलेवन पंजाब था। पंजाब किंग्स 2 बार फाइनल में भी पहुंची है। साल 2014 में जॉर्ज बेली की कप्तानी में टीम ने फाइनल खेला था, जहां उसे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 3 विकेट से हार मिली थी। आईपीएल 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उसे 6 रन से हराया था।

#### लखनऊ सुपर जायंट्स

लखनऊ सुपर जायंट्स उन 3 टीमों में है जो अभी तक आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। एलएसजी तो अब तक फाइनल में भी नहीं पहुंच पाई है। हालांकि, टीम 3 बार प्लेऑफ खेलने में सफल हुई है। एलएसजी का डेब्यू संस्करण साल 2022 में था। उसी साल गुजरात टाइटंस भी पहली बार ये टूर्नामेंट खेल रही थी। उसने राजस्थान रॉयल्स को फाइनल में 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी जीत ली थी।

## खबर संक्षेप



### आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलने बेलफास्ट जाएगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम 2 मैचों की टी-20 सीरीज खेलने आयरलैंड जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसके कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। ये सीरीज जून 2026 में खेली जाएगी। पिछले 8 सालों में भारतीय टीम ने 3 बार (2018, 2022 और 2023) आयरलैंड का दौरा किया है। साल 2007 के बाद यह पहला मौका होगा जब भारतीय टीम बेलफास्ट में खेलेगी। इस सीरीज में युवा भारतीय खिलाड़ियों को मौका मिलने की उम्मीद है।
आयरलैंड दौरे का कार्यक्रम टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार 26 जून को खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच रविवार 28 जून को खेला जाएगा। ये दोनों मुकाबले बेलफास्ट में होंगे। इन मुकाबलों को भारत में रात 7:30 बजे से देखा जा सकता है। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ आखिरी टी-20 सीरीज 2023 में खेली थी। 3 मैचों की उस सीरीज में भारतीय टीम को 2-0 से शानदार जीत मिली थी। 2023 के बाद दोनों टीमों के बीच कोई सीरीज नहीं हुई है।

### आदित्य एशियाई चैंपियनशिप में आगे बढ़े



**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारतीय मुक्केबाज आदित्य ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहौसाव के खिलाफ पूरे मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। आदित्य ने इस साल जनवरी में नौवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। आदित्य को अगले दौर में उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। इस प्रतियोगिता में पूरे महाद्वीप के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय मुक्केबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

## जबलपुर रॉयल लायंस ने तैयार की 'निडर' और 'संतुलित' टीम, ऑक्शन में हुई बड़ी नीलामी



**जबलपुर।** जबलपुर रॉयल लायंस ने आगामी एमपीएल टी20 सीज़न से पहले अपनी टीम को लेकर ऑक्शन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। टीम ने संतुलन और गहराई को ध्यान में रखते हुए एक प्रतिस्पर्धी टीम तैयार की है। 50 लाख रुपये के पर्स और 15 खिलाड़ियों की सीमा में रहते हुए फ्रेंचाइजी ने अपनी रणनीति को सही दिशा में लागू किया।

मुख्य आकर्षण राहुल बाथम का 3 लाख रुपये में रिटेन होना था। बाथम, जो पिछले सीज़न में उप-कप्तान रहे, अपनी बहुमुखी क्षमता और नेतृत्व कौशल के लिए टीम के अहम सदस्य हैं। इसके अलावा, पुनीत दाते को 10 लाख रुपये में रिटेन किया गया, जिनकी कीमत पर कई फ्रेंचाइजीस ने प्रतिस्पर्धा की थी।

**टीम में शामिल किए गए अन्य प्रमुख खिलाड़ी हैं:**
रितिक टाडा (7.6 लाख रुपये)
अजय रोहेरा (8.2 लाख रुपये)
**अर्पित गौड़, नयनराज मेवाड़ा, और अन्य युवा खिलाड़ी**

टीम के मालिक आयुष लालवानी ने कहा, "हमने एक निडर और संतुलित टीम बनाने का लक्ष्य रखा था, और हमें विश्वास है कि यह टीम ट्रॉफी जीतने के लिए तैयार है।" प्रबंधन ने ट्रायल के जरिए इंदौर और जबलपुर से दो और खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने की योजना बनाई है। टीम के संयोजन को लेकर जनरल मैनेजर श्री लव मलिक ने कहा, "हमने ऐसी टीम बनाई है जो विभिन्न भूमिकाओं में अच्छा प्रदर्शन कर सके।" नए सीज़न के लिए तैयार, जबलपुर रॉयल लायंस को अपनी प्रतिस्पर्धी विरासत बनाए रखने और क्रिकेट के विकास में योगदान देने की उम्मीद है।

## आंध्र प्रदेश, मिजोरम, दिल्ली सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में जीते

**राजगीर।** आंध्र प्रदेश, मिजोरम और दिल्ली ने बृहस्पतिवार को यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में 16वीं सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शानदार जीत दर्ज की। दिन के पहले मैच में डिवीजन सी के पूल ए में आंध्र प्रदेश ने पुडुचेरी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। इसी डिवीजन में मिजोरम ने असम को 6-0 से हराया।



#### बी पूल में दिल्ली-तेलंगाना जीतीं

डिवीजन बी के पूल ए में दिल्ली ने एकतरफा मुकाबले में बंगाल के खिलाफ 9-1 से जीत दर्ज की। इसी पूल में तेलंगाना ने गुजरात को 20-0 से करारी शिकस्त दी जिसमें अमित दयाल ने 10 गोल दागे।डिवीजन बी के पूल बी में कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश के बीच मैच 2-2 से ड्रॉ रहा। इसी पूल के दिन के आखिरी मैच में छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 7-2 से हराया।

## आईपीएल

### धोनी ने जीते 136 मैच, अय्यर ने 51, तीसरे नंबर पर पांड्या



एजेंसी ▸▸ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रोमांचक मैच हो रहे हैं। इन मैचों में किसी टीम को जीत तो किसी टीम को हार का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यह जीत-हार भले ही टीम के खिलाड़ियों के सामंजस्य के कारण हो लेकिन जीत का श्रेय कप्तान को मिलता है वहीं हार का ठीकरा भी कप्तान के सिर पर ही फूटता है। आईपीएल के इतिहास में देखा जाए तो कई टीमों के कप्तान भी बदल गए लेकिन जिन खिलाड़ियों की कप्तानी में टीमें जीती हैं उनमें महेंद्र सिंह धोनी आज भी नंबर वन पर हैं।

#### महेंद्र सिंह धोनी

इस सूची में चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पहले नंबर पर काबिज हैं। आईपीएल इतिहास में उनका जीत प्रतिशत 58.36 का रहा है। उन्होंने इस लीग में कुल 235 मैचों में कप्तानी की है, जिनमें से उन्हें 136 में जीत मिली है और 97 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह उन्होंने कुल 122 मुकाबलों में टॉस भी जीता है। उनका टॉस जीत का प्रतिशत 51.91 का रहा है।

#### श्रेयस अय्यर

आईपीएल इतिहास में 50 से अधिक मैचों में कप्तानी करते हुए श्रेयस अय्यर का जीत प्रतिशत 59.30 का हो गया है। उन्होंने इस लीग में अब तक कुल 88 मैचों में कप्तानी की है, जिनमें से उन्हें 51 में जीत मिली है और 35 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह उन्होंने कुल 49 मुकाबलों में टॉस भी जीता है। उनका टॉस जीत का प्रतिशत 55.68 का रहा है।

#### हार्दिक पांड्या

इस सूची में मुंबई इंडियंस के मौजूदा कप्तान हार्दिक पांड्या तीसरे पायदान पर काबिज हैं। आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले में जीत के बाद उनका जीत प्रतिशत 59.01 का हो गया है। उन्होंने कुल 60 मैचों में कप्तानी की है, जिनमें से उन्हें 35 में जीत मिली है और 25 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह उन्होंने कुल 36 मुकाबलों में टॉस भी जीता है। उनका टॉस जीत का प्रतिशत 60 का रहा है।

### ब्लूबाउम ने प्रज्ञाननंदा को ड्रॉ पर रोका, सिंदारोव ने बढ़त बनाई

**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली। जिससे उनके अंकों की संख्या 3.5 हो गई है। इससे वह इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ खिताबी मुकाबले में खेलने के प्रबल दावेदार बन गए हैं। प्रज्ञाननंदा ने ब्लूबाउम के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए ड्रॉ हासिल किया। दिन के अन्य दो मैचों में अनीश गिरी ने रूसी खिलाड़ी एंड्री एसेपेंको को हराया, जबकि चीन के वेई यी ने अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ ड्रॉ खेला। *अब जबकि 10 दौर का खेल बाकी है तब सिंदारोव के ठीक पीछे कारुआना 2.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि प्रज्ञाननंदा, ब्लूबाउम और नीदरलैंड के अनीश गिरी समान दो अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।*

## इंदौर के करण धनेलिया बने 'बारटेंडर ऑफ द ईयर 2026', वर्ल्ड क्लास




**जबलपुर।** इंदौर के करण धनेलिया ने डियाजियो इंडिया के वर्ल्ड क्लास 2026 (भारत, नेपाल और श्रीलंका) फाइनल्स में 'बारटेंडर ऑफ द ईयर' का खिताब जीतकर एक नई ऊँचाई हासिल की है। यह प्रतिष्ठित मुकाबला 27-28 मार्च को गुरुग्राम के ले मेरिडियन में आयोजित किया गया, जिसमें 21 बेहतरीन बारटेंडर्स ने प्रतिस्पर्धा की। इस साल का फाइनल खास था, जिसमें महिला भागीदारों की संख्या अब तक की सबसे ज्यादा रही, और टियर-2 शहरों से भी मजबूत प्रतिभागी सामने आए। करण धनेलिया ने इंदौर के एटेलियर वी से अपनी अलग पहचान बनाई। उनके द्वारा बनाए गए ड्रिंक, जिसमें अनियन सोडा और स्पिरुलिना सिरप का उपयोग किया गया, ने जजों पर गहरी छाप छोड़ी। इसके अलावा, स्पीड राउंड में उनकी क्लासिक ड्रिंक्स की समझ ने उन्हें जीत दिलाई। इस जीत के साथ, करण अब वर्ल्ड क्लास ग्लोबल फाइनल्स में भारतीय उपमहाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा, "यह मेरे लिए बहुत बड़ा क्षण है। इंदौर को भारत के कॉकटेल मैप पर लाना मेरे लिए गर्व की बात है। इस मंच से मिले मार्गदर्शन ने मुझे नए नजरिए से काम करने की प्रेरणा दी है।" डियाजियो इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट आंचल कौशल ने कहा, "इंदौर जैसे शहर से विजेता का उभरना वर्ल्ड क्लास प्लेटफॉर्म की पहुँच को दर्शाता है। करण ने जिस संतुलन और आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है। हम पूरी तरह से विश्वास करते हैं कि वे ग्लोबल फाइनल्स में देश का शानदार प्रतिनिधित्व करेंगे।" वर्ल्ड क्लास जीतना न केवल एक सम्मान है, बल्कि यह बारटेंडिंग के पेशे में नए अवसरों और वैश्विक नेटवर्क की भी शुरुआत करता है। पिछले विजेताओं की तरह, करण के लिए यह मंच उनके करियर को नई दिशा और ऊँचाई तक पहुँचाने का अवसर बन सकता है।

### एक लाख दर्शकों के बैठने की होगी क्षमता

## नवी मुंबई में बनेगा भारत का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन नवी मुंबई में एक लाख दर्शकों की क्षमता वाला नया क्रिकेट स्टेडियम बनाने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने हाल ही में नगर एवं औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध निदेशक विजय सिंघल से मुलाकात की, जो इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए उपयुक्त जमीन तलाशने के प्रयासों का हिस्सा हैं।

#### फडणवीस ने रखा था विचार

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नाइक ने बताया कि 1 लाख क्षमता वाले स्टेडियम का विचार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रखा था। उन्होंने कहा, कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह विचार व्यक्त किया था कि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को एक लाख दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम बनाने का प्रयास करना चाहिए। नाइक जल्द ही फडणवीस से मुलाकात करेंगे, ताकि इस परियोजना पर चर्चा कर इसे आगे बढ़ाया जा सके।



नरेंद्र मोदी स्टेडियम है भारत और दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

#### नवी मुंबई उपयुक्त स्थान : नाइक

नाइक ने आगे कहा कि इस क्षमता का विश्वस्तरीय स्टेडियम बनाने के लिए नवी मुंबई सबसे उपयुक्त स्थान है। नाइक ने कहा, नवी मुंबई एक उभरता हुआ और तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है, जहां बेहतरीन कनेक्टिविटी और एयरपोर्ट के नजदीक होने का फायदा है। इस क्षमता का विश्वस्तरीय स्टेडियम बनाने के लिए यह एकदम उपयुक्त स्थान है। उन्होंने यह भी बताया कि स्टेडियम का काम शुरू करने से पहले करीब छह महीने तक विस्तृत योजना बनाई जाएगी।

यह स्टेडियम भारत का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। फिलहाल अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम भारत और दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। नाइक ने कहा कि यह परियोजना महाराष्ट्र के खेल ढांचे को मजबूत करेगी और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने में मदद करेगी। उनके अनुसार, इस तरह के बड़े स्टेडियम से मुंबई की अंतरराष्ट्रीय मैचों और बड़े टूर्नामेंट आयोजित करने की क्षमता बढ़ेगी।




## सरकार को प्रभावी नीति बनाने महाधिवक्ता को नोटिस

# मुकदमों में कमी लाने सरकार पहल करे: हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा तथा न्यायाधीश विनय सराफ की संयुक्तपीठ ने प्रदेश के पंचायत कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम रोजगार सहायकों से जुड़े मामलों को लेकर अपनी एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि यदि सरकार समय रहते पहल करे और एक प्रभावी नीति बनाए, तो हजारों मुकदमों में कमी आ सकती है और गरीब कर्मचारियों के पैसे भी बच सकते हैं। संयुक्तपीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि यह एक ऐसा वर्ग है, जिसकी मासिक आय महज 8 से 10 हजार रुपए होती है। ऐसे में छोटे-छोटे विवादों को लेकर उच्च न्यायालय तक आना उनके लिए आर्थिक रूप से बेहद भारी पड़ता है, क्योंकि उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा मुकदमों में ही खर्च हो जाता है।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि यदि राज्य सरकार उच्च स्तर पर एक कमेटी बनाकर इन कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्रारंभिक स्तर पर ही करने लगे, तो न्यायालय में नए मामलों की संख्या घटेगी। उच्च न्यायालय में लंबित मामलों में कमी आएगी और कर्मचारियों को राहत मिलेगी। इन्हीं टिप्पणियों के साथ संयुक्तपीठ ने राज्य के महाधिवक्ता को नोटिस जारी कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश देकर मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को नियत कर दी।

सतना जिले के रामपुर बघेलान जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत करही कलां के हटाए गए पंचायत कर्मी देवेन्द्र सिंह की अपील पर संयुक्तपीठ ने उक्त



आदेश जारी किया। देवेन्द ने उच्च न्यायालय की एकलपीठ से राहत न मिलने के बाद संयुक्तपीठ में अपील दायर की थी। सुनवाई के दौरान आवेदक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय के. अग्रवाल और अधिवक्ता मिहिर अग्रवाल उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने चिंता जताते हुए कहा कि पंचायत कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम रोजगार सहायकों के ऐसे कई मामले हैं, जिन्हें प्रशासनिक स्तर पर ही हल किया जा सकता है। यदि ऐसा किया जाए तो उच्च न्यायालय पर जहां अनावश्यक बोझ कम होगा तो वहीं न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी और हजारों मामलों की पेंडेंसी स्वतः घटेगी। इसके बाद मामले में संयुक्तपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी करने के निर्देश देने के साथ ही आवेदक के पक्ष में यथास्थिति बनाए रखने का अंतरिम आदेश भी दिया।

### 27 से 29 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से सुने जाएंगे प्रकरण

प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के बाद दायर हुईं याचिकाओं पर शीघ्र अंतिम फैसला आने की उम्मीद जगी है। मप्र हाई कोर्ट ने 27 अप्रैल से इस मामले की नियमित सुनवाई करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रांसफर किए गए मामलों पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि आगामी 27 से 29 अप्रैल तक हर रोज दोपहर 12:30 बजे से सुनवाई की जाएगी। कोर्ट ने सभी पक्षों को उससे पहले अपने लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। ओबीसी प्रकरणों के साथ सरकार द्वारा विभिन्न भर्तियों में 13 प्रतिशत होल्ड किए गए पदों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर भी सुनवाई होगी।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में अशिता दुबे व अन्य की ओर से दायर याचिका में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण बढ़ाकर 27 प्रतिशत किये जाने को चुनौती दी गई थी। इसके बाद से लगातार ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के पक्ष और विपक्ष में सैकड़ों याचिकाएं दायर हुईं। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी, ओबीसी के विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, ओबीसी वर्ग के अधिवक्ता वरुण ठाकुर, मप्र सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, सुको के वरिष्ठ अधिवक्ता केएम नटराज, अतिरिक्त महाधिवक्ता बीडी सिंह खड़े हुए।

#### सुप्रीम कोर्ट से आए हैं मामले

दरअसल, पूर्व में मध्य प्रदेश ने ओबीसी से जुड़े प्रकरण सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित करा लिए थे। सुप्रीम कोर्ट 19 फरवरी, 2026 को इन मामलों को वापस हाई कोर्ट को ट्रांसफर कर दिया था। राज्य शसन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता के एम नटराज ने व्यस्तता का हवाला देकर प्रकरणों को 27 अप्रैल को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

## शंटिंग के दौरान डीजल इंजन पटरी से उतरा

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर स्थित कोचिंग डिपो में गुरूवार 2 अप्रैल की सुबह शंटिंग के दौरान एक डीजल इंजिन पटरी से उतर गया जिससे हड़कम्प मच गया। रेल प्रशासन ने बिना शोर-शराबा के संबंधित स्टाफ को मौके पर बुलाकर लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद इंजिन को पटरी पर चढ़वा दिया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर मुख्यरेल्वे स्टेशन के समीप कोचिंग डिपो के कटनी छोर पर गुरुवार सुबह डीजल इंजन क्रमांक 11528 कुछ कोचों को लेकर शंटिंग कर रहा था कि इसी दौरान अचानक इंजन का पहिया पटरी से उतर गया जिससे मौके पर हड़कम्प मच गया। तत्काल ही इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई। बाद में दुर्घटना राहत विभाग के स्टाफ को मौके पर बुलवाया गया, फिर इंजिन को पटरी पर चढ़ाने का काम शुरू किया गया।




## मोबाईल हैक कर खाते से 3 लाख 48 हजार निकाले

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत नानक नगर हनुमान मंदिर के पास एक वृद्ध के व्हाटसएप पर न्यू वर्जन एप की पीडीएफ में एक लिंक पर क्लिक करने के बाद वृद्ध का मोबाइल हैक हो गया और वृद्ध के एकाउंट से 3 लाख 48 हजार रुपए अज्ञात जालसाज ने निकाल लिए। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नानक नगर हनुमान मंदिर के पास रांझी निवासी 61 वर्षीय रमेश सिंह के मोबाइल के व्हाटसएप पर गत 11 मार्च को रात लगभग 10 बजे बैंक ऑफ इंडिया का लोगो लगी हुई एक न्यू वर्जन एप की पीडीएफ प्राप्त हुयी थी

### व्हाटसएप में लिंक क्लिक करते ही धड़ाधड़ मैसेज आए

जिसमें नीचे एक लिंक थी। रमेश सिंह ने दूसरे दिन सुबह 8.15 बजे उस लिंक पर क्लिक किया जिसके बाद उसका मोबाइल हैक हो गया और लगातार ओटोपी के मैसेज आने लगे जिसके बाद उसके बैंक आफ इंडिया के खाता से क्रमशः 25-25 हजार रुपए, 1 लाख रूपये, 49 हजार 500 रूपये, 49 हजार 600 रूपये तथा उसके अतिरिक्त उसके बैंक आफ इंडिया के खाता से 88 हजार रूपये तथा एक अन्य बैंक आफ इंडिया के खाता से ट्रांसफर कर लिये इसके बाद उसके बैंक आफ इंडिया के खाता से 2 बार में 49 हजार 552 रूपये निकाल लिये। इस तरह अज्ञात जालसाज द्वारा उसके बैंक खातों से कुल 3 लाख 48 हजार 124 रूपये निकालकर आनलाईन धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 318(4), 319(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## अधोसंरचना कार्य के चलते मार्ग परिवर्तित किया

### कोटा–पटना एक्सप्रेस ट्रेन को 04 घंटे रि-शेड्यूल

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के कानपूर-लखनऊ खंड में अधोसंरचना निर्माण कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेल से चलने वाली गाड़ी संख्या 13238 कोटा–पटना एक्सप्रेस (गुरुवार, शुक्रवार एवं रविवार) एवं गाड़ी संख्या 13240 कोटा–पटना एक्सप्रेस (सोमवार, मंगलवार, बुधवार एवं शनिवार) ट्रेनें दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 12 मई.2026 तक (कुल 42 ट्रिप) अपने प्रारंभिक स्टेशन से 04 घंटे रि-शेड्यूल रहेगी और साथ ही मार्ग परिवर्तित होकर गंतव्य को जाएगी।

#### प्रारंभिक तिथियों से 04 घंटे रि-शेड्यूल

गाड़ी संख्या 13238 एवं 13240 कोटा–पटना एक्सप्रेस का कोटा स्टेशन से प्रस्थान समय 18:10 बजे की बजाय अब रात्रि 22:10 बजे निर्धारित किया गया है।

#### प्रारम्भिक तिथियों से मार्ग परवर्तित ट्रेन

गाड़ी संख्या 13238 एवं 13240 को अपने निर्धारित मार्ग की बजाय परिवर्तित मार्ग – वाया कानपुर सेंट्रल – प्रयागराज जंक्शन – मिर्जापुर – पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होकर संचालित किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 13238 के लिए उन्नाव जंक्शन, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जंक्शन, अकबरपुर जंक्शन, शाहगंज जंक्शन, जौनपुर जंक्शन एवं वाराणसी जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव नहीं रहेगा। गाड़ी संख्या 13240 के लिए लखनऊ, महाराजा बिजली पासी (निहालगढ़), सुल्तानपुर जंक्शन एवं वाराणसी जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव नहीं रहेगा।

## गला कटने का भय दिखा कर वृद्धा के जेवर उतरवाए

**जबलपुर।** खितौला थाना अतंर्गत रेलवे फाटक के पास खितौला में गोबर फैंकने के लिए रोड किनारे पहुंची एक वृद्ध महिला से बाईक सवार अज्ञात दो लड़कों ने कोई गला काट देगा का कहते हुए भय दिखाकर वृद्ध महिला के सोने के जेवर लेकर फरार हो गए। खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे फाटक के पास खितौला निवासी 60 वर्षीय लक्ष्मी पटेल गत सुबह लगभग 10 बजे घर के सामने गाय के कोठे की साफ सफाई कर कचरा गोबर तगाड़ी में भरकर फैंकने के लिये रोड किनारे पहुॅंची तभी बाईक में दो लड़के आये और बोले कि आपने गले में सोना पहना है कोई गला काट देगा या छुड़ा लेगा, आप इसे निकालकर घर में रख दो उसने अपने गले में पहना हुआ सोने की आठ गुरिया वाला मंगलसूत्र और हाथ में पहनी अंगूठी निकाली तो बदमाशों ने जेवर दिखाने कहा उसने बाईक चालक के हाथ में अपने जेवर दे दिए, तभी उन लोगों ने उसका 8 गुरिया वाला मंगलसूत्र और ग्लेट वाली अंगूठी लेकर फाटक तरफ भाग गए। मंगलसूत्र की कीमत 50 हजार रुपए बताई गई है। दोनों अज्ञात लड़के सिर में टोपी तथा मुंह में मास्क लगाये थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240